दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली । गुरुवार 10 अप्रैल-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 110 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## राहुल गांधी ने वक्फ कानून को बताया संविधान पर आक्रमण, ट्रंप के टैरिफ का उठाया मुद्दा


**नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां दो दिवसीय अधिवेशन चल रहा है। मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चार घंटे चली। आज आखिरी दिन कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पार्टी के कार्यकताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में राहुल गांधी ने एक बार फिर से जाति जनगणना को लेकर आवाज उठाई है। राहुल ने कहा है कि वक्फ बिल संविधान पर आक्रमण है। राहुल गांधी ने अपने संबोधन की शुरूआत में महात्मा गांधी और सरदार पटेल को याद करते हुए कहा, 100 साल पहले महात्मा गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे। 150 साल पहले सरदार पटेल का जन्म हुआ था। गांधीजी, सरदार पटेल ये कांग्रेस पार्टी की नींव हैं। अभी अजय लल्लू ने कहा कि मैं पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, गरीबों के लिए काम कर रहा हूं।

### राहल ने उठाया अग्निवीर का मुद्दा

अग्निवीर के मुद्दे पर राहुल ने कहा कि आज हमारी सरकार युवाओं को कहती है कि आप युद्ध में शहीद होंगे, आप अग्निवीर हो तो हम आपको न शहीद का दर्जा देंगे और न ही पेंशन। आपके साथ जो लड़ रहा है, उसे मिलेगा, आपको नहीं। दलित, पिछड़ा, अति-पिछड़ा को नुकसान हो रहा है।

### राहुल गांधी ने फिर उठाया जाति जनगणना का मामला

राहुल गांधी ने कहा कि, तेलंगाना में हमने एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। हमने जाति जनगणना करायी है।



### वक्फ कानून वक्फ विरोधी- राहुल

राहुल गांधी ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि हाल ही में बीजेपी ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया, जो कि उनके अनुसार फ्रीडम ऑफ रिलीजन और संविधान पर हमला है। राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में एक लेख छपा है, जिसमें यह दावा किया गया है कि क्रिश्चियनों पर हमला किया जाएगा। उन्होंने इसे धर्म विरोधी बिल करार दिया और कहा कि यह बिल देश के हर नागरिक के लिए खतरे की घंटी है।

### ट्रंप के टैरिफ पर बोले राहुल

अमेरिकी टैरिफ के मुद्दे पर राहुल ने कहा, पहले मोदी अमेरिका जाते थे। राष्ट्रपति ट्रंप के गले मिलते थे। अब आपने ट्रंप से गले मिलने वाली फोटो देखी। ट्रंप ने नए टैरिफ लगा दिए। मोदी जी की चूं तक नहीं निकली। जनता का ध्यान वहां न जाए, संसद में ड्रामा करवाया। सच ये है कि आर्थिक तूफान आने वाला है। कोरोना में मोदी जी ने थाली बजवाई थी। अब कहां छिप गए हैं?

राहुल गांधी ने कहा कि कुछ महीने पहले, मैंने संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा था कि हमें देश में जाति जनगणना करवानी चाहिए... मैं जानना चाहता था कि इस देश में किसकी कितनी हिस्सेदारी है और क्या यह देश सही मायने में आदिवासी, दलित और पिछड़े समुदायों का सम्मान करता है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस ने जाति जनगणना से साफ इनकार कर दिया क्योंकि वे नहीं चाहते कि इस देश में अल्पसंख्यकों को कितनी हिस्सेदारी मिलती है, यह पता चले। मैंने उनसे कहा कि हम संसद में आपके सामने ही जाति जनगणना कानून पारित करेंगे।

### निगम की जमीन पर कब्जा करने वालों पर फिर लिया महापौर ने बड़ा एक्शन

## विजयनगर में चला बुलडोजर और खाली कराई गई 20 करोड़ की जमीन

### मीठापुर, सिज्वान नगर, डूंडाहेड़ा, बेहरामपुर में लोगों ने हड़पी नगर निगम की भूमि कराई मुक्त







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम की करोड़ों की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने और अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक लगातार एक्शन ले रहे हैं।

इसी कड़ी में बुधवार को महापौर सुनीता दयाल नगर निगम के अधिकारियों के साथ विजयनगर क्षेत्र में निगम की करोड़ों रुपए की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किए जाने के मामले में मौके पर पहुंची और वहां बुलडोजर की कार्रवाई कराकर नगर निगम की करोड़ों रुपए की जमीन खाली कराई है। साथियों अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नगर निगम की जमीन पर कब्जा करने वाले भू माफिया को किसी भी सूरत में बक्सा ना जाए।

### लंबे समय से चल रहा था जमीन पर कब्जे का गोरख धंधा



करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने मीठापुर ,सिज्वान नगर खसरा न 333,डूंडाहेड़ा में खसरा न 123,122, बेहरामपुर में खसरा न 164,डूंडाहेड़ा में खसरा न 106 और 193,194 पर अवैध कब्जा करने की जानकारी प्राप्त हुई। जिसमें महापौर ने मौके पर सम्पत्ति के सभी अधिकारी, जोनल प्रभारी की टीम और स्थानीय पार्षद को मौके पर बुलाकर जमीनों का निरीक्षण किया और मोके पर नगर निगम की भूमि पर कब्जा पाया गया। जिसके बाद अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में भी यहाँ तोड़फोड़ की जा चुकी है लेकिन दोबारा निर्माण कर लिया गया है। जिसको लेकर महापौर ने तत्काल बुलडोजर चलाने के निर्देश दिए और बहरामपुर में 5500 वर्गमीटर भूमि पर प्लॉटिंग ध्वस्त कराई गई जिसकी कीमत लगभग 20 करोड़ है।

### शनिवार को भी की जाएगी अवैध कब्जा करने वालों पर कार्रवाई

करंट क्राइम : बाकी की करवाई शनिवार में की जानी सुनिश्चित की गई है। जिसमें डूंडाहेड़ा और मीठापुर पर कार्रवाई की जानी है। महापौर सुनीता दयाल ने अवैध मकान बनाने वाले सभी लोगों को समझाया है कि आप अपना सामान समय से निकल लें। जिससे आपके समान का नुकसान न हो पाए और सुरेश कुमार त्यागी,जगवीर एवं श्याम लाल द्वारा नगर निगम की भूमि में कमरे बनाकर और खेती जमा पर देकर पैसा कमाया जा रहा है। जिसको लेकर महापौर ने सख्त विधिक कार्यवाही के आदेश दिए और जल्द भूमि खाली कराने को कहा गया।

### भूमाफियाओं की कमर तोड़ने के लिए निगम जारी रखेगा अभियान



**करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल ने कहा है कि नगर निगम की बहुत बड़ी तादात में भूमि पर लोगो ने कब्जा किया हुआ है और कब्जा कर कोर्ट में केस डाल देते हैं। जिससे कोई कार्यवाही नही हो पाए लेकिन हम लीगल रूप से कोर्ट में केस अपने पक्ष में कराकर अधिकतम भूमि को कब्जे से मुक्त कराएंगे और इसी प्रकार उपरोक्त स्थानों की सूचना मिली और निरीक्षण किया गया। सभी से वार्ता उपरांत ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई है और भविष्य में भी भूमाफियाओं की कमर तोड़ने का कार्य किया जाएगा।




# साहिबाबाद विधानसभा में भाजपा सक्रिय सदस्य सम्मेलन संपन्न







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** साहिबाबाद विधानसभा में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में इंदिरापुरम कनावनी के एक बैंकेट हॉल में सक्रिय सदस्य सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इस भव्य आयोजन का उद्देश्य विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं को उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के 8 साल बेमिसाल की सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति तथा भाजपा की स्थापना दिवस की तर्ज पर भाजपा के संघर्ष से सत्ता तक सफर में कार्यकताओं की भूमिका को बताकर सभी को संगठित करना, उन्हें मार्गदर्शन देना तथा आगामी राजनीतिक-सामाजिक योजनाओं के लिए एक मजबूत रणनीति तय करना रहा।

सक्रियता सम्मेलन में पार्टी द्वारा पार्टी के तीन वरिष्ठ नेताओं को मुख्य वक्ता के रूप में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी एवं क्षेत्र मंत्री अजय शर्मा को भेजा गया। वक्ता नेताओं ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए संगठन के आधार स्तंभ स्वरूप कार्यकर्ताओं को संघर्ष से सत्ता के सफर का आधार पार्टी की राष्ट्रवादी सोच को बताया।

साहिबाबाद विधानसभा विधायक कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा एक नेता पूंजी उसके कार्यकर्ता होते हैं। जब कार्यकर्ता जनता के सुख-दुख में भागीदार बनता है, तभी जनता प्रतिनिधियों पर भरोसा करती है। यही भाजपा के कार्यकताओं की प्रवृति में समाया हुआ है।

मोदी सरकार की जन धन योजना, आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, स्टार्टअप इंडिया स्टैंड अपइंडिया के साथ साथ जो कहा वो किया वाली मोदी योगी सरकार ने श्रीराम मंदिर निर्माण, महाकाल कोरिडोर, अनुच्छेद 370 उन्मूलन और अब वक्फ बोर्ड संशोधन किसी से छिपा नहीं है। भाजपा के नेता और कार्यकर्ता राष्ट्र को समर्पित होकर कार्य करते है। तभी भाजपा अन्य पार्टियों से भिन्न है।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने बताया कि राजनीति केवल पद या सत्ता के लिए नहीं, बल्कि समाज निर्माण और जनसेवा का माध्यम है। भाजपा इसी विचार की प्रेरणा से ओत प्रोत है। भाजपा संगठन ने कार्यकर्ता प्रशिक्षण, अनुशासन, और संगठनात्मक अनुशासन को मजबूती देने पर बल दिया। उन्होंने कहा हमें जो विचार हमारे महापुरुषों ने हमें दिया है इस विचार को सींचने का काम हम सब माली बनकर करेंगे।

पूर्व अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय मंत्री अजय शर्मा ने बताया कार्यकताओं की शक्ति ही संगठन की असली रीढ़ होती है। संगठन तभी मजबूत होता है जब जमीनी स्तर पर संवाद और समर्पण हो। भाजपा का 45 वां स्थापना दिवस इस बात की गवाही दे रहा है। बूथ स्तर पर सक्रियता, युवाओं की भागीदारी, और जनता से सीधा संवाद इन तीन स्तंभों को उन्होंने संगठन की आगामी रणनीति का मूल बताया।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बताया हमारे कार्यकर्ता ही पार्टी का आत्मबल हैं। उनका समर्पण ही हमें शून्य से शिखर तक ले गया है। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने सक्रिय सदस्य सम्मेलन में पधारे नेतृत्व एवं सक्रिय कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन बॉबी त्यागी ने किया। कार्यक्रम संयोजक रनिता सिंह, कुलदीप कसाना, धीरज अग्रवाल, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी रहे।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद, पूर्व चेयरमैन रीना भाटी, गोपाल अग्रवाल, रीटा सिंह, योगेश त्रिपाठी, मीना भंडारी, अनीता शर्मा, अमृता सिंह, दिनेश लखेड़ा, विमला रावत, सरदार सिंह भाटी, कामेश्वर त्यागी, संजीव झा, संजय रावत,कामेश्वर त्यागी, हिमांशु चौधरी, मनोज गोयल, विनय चौधरी , सुधीर त्यागी, नरेश भाटी, मंजुला गुप्ता, विनीत त्यागी, भूषण चौहान, नीरज रावल, आलोक शर्मा, जीतू राय, पंकज वाल्मीकि, प्रवीण डागर, हेमंत त्यागी, अशोक भाटी, संदीप चौधरी, हरमीत बक्शी, धीरज शर्मा, रवि भाटी, कालीचरण, राम त्यागी, डॉक्टर नमित वार्ष्णेय सहित सैकड़ों सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आईएएस विजय किरन आनंद इन्वेस्ट यूपी के नए सीईओ बने, अपर निदेशक राज राजकुमार प्रतीक्षारत



**लखनऊ।** यूपी सरकार ने आईएएस विजय किरन आनंद को इन्वेस्ट यूपी का सीईओ नियुक्त किया है। भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण आईएएस अभिषेक प्रकाश को इस पद से हटा दिया गया था। आईएएस विजय किरन आनंद को इन्वेस्ट यूपी का नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। वहीं, पंचायतीराज विभाग में अपर निदेशक रहे आईएएस राजकुमार को प्रतीक्षारत किया गया है।

बता दें कि भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते आईएएस अभिषेक प्रकाश को सीईओ के पद से हटा दिया गया था तब से यह पद खाली था। यूपी सरकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन इकॉनमी बनाने के लिए निवेश और अनुकूल माहौल बनाने के लिए प्रयासरत है। ऐसे में भ्रष्टाचार की शिकायत आने पर अभिषेक प्रकाश को निलंबित कर दिया गया।

सूत्रों की मानें तो वर्ष 2006 बैच कें आईएएस अभिषेक प्रकाश के तकरीबन पूरे कार्यकाल की विजिलेंस द्वारा जांच की जाएगी। इंवेस्ट यूपी में तैनाती से पूर्व वह लखीमपुर खीरी, बरेली, हमीरपुर, लखनऊ, अलीगढ़ के डीएम रह चुके हैं। वह लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के पद पर भी तैनात रहे हैं। लखीमपुर और बरेली में डीएम रहने के दौरान कई बीघा कृषि योग्य भूमि खरीदने के आरोपों की बीते दिनों जांच भी कराई गई थी, हालांकि यह भूमि उनके करीबी परिजनों के नाम पर खरीदे जाने की वजह से उन्हें क्लीन चिट दे दी गई थी।

अब विजिलेंस उनकी और उनके करीबी परिजनों के नाम पर खरीदी गई सभी चल-अचल संपत्तियों का ब्योरा जुटाएगा। साथ ही, यह पड़ताल भी करेगा कि पूरे कार्यकाल के दौरान कुल वैध आय कितनी रही और उन्होंने चल-अचल संपत्तियों को खरीदने और भरण-पोषण पर कितना व्यय किया। विजिलेंस गोपनीय जांच पूरी करने के बाद अभिषेक प्रकाश का स्पष्टीकरण लेगा और अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगा। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर विजिलेंस शासन के निर्देश पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना करेगा।

### सीएम योगी ने दिया था संपत्ति जांच का आदेश

वहीं, आईएएस अभिषेक प्रकाश के खिलाफ विजिलेंस ने गोपनीय जांच शुरू कर दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वसूली के आरोप के बाद अभिषेक प्रकाश की सभी चल-अचल संपत्तियों की जांच का आदेश दिया था, जिसके बाद नियुक्ति विभाग ने गृह विभाग को पत्र लिखा था। गृह विभाग ने परीक्षण के बाद विजिलेंस को जांच शुरू करने का निर्देश दिया था।

# फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान खरीदने के लिए मेगा डील मंजूर, भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकत



**नई दिल्ली।** भारत ने फ्रांस से 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमान खरीदने के लिए मेगा डील को मंजूरी दे दी है। 63,000 करोड़ रुपये से अधिक के इस सरकारी सौदे पर जल्द ही हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। इस सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 22 सिंगल-सीटर और चार ट्विन-सीटर विमान मिलेंगे। सरकारी सूत्रों के हवाले से समाचार एजेंसी एएनआई ने यह दावा किया है। यह सौदा भारतीय वायुसेना के राफेल विमानों की क्षमताओं को भी अपग्रेड करने में मदद करेगा। राफेल-एम जेट को भारतीय नौसेना के विमानों के बेड़े में शामिल किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, इस मेगा खरीद परियोजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने मंजूरी दे दी है। जुलाई 2023 में रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस से 26 राफेल समुद्री जेट विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। इसे स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा। मंत्रालय ने फ्रांस से तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बियों की खरीद को भी मंजूरी दी थी। हालांकि, सीसीएस ने अभी तक इस परियोजना को मंजूरी नहीं दी है। भारतीय वायु सेना ने उड़ान भरने की स्थिति में 36 राफेल लड़ाकू विमान खरीदे हैं।

### भारतीय नौसेना की सामरिक ताकत में इजाफा

राफेल-एम जेट फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन कंपनी की ओर से तैयार किए गए भारतीय वायुसेना के राफेल विमानों की तरह अत्याधुनिक तकनीक और क्षमता से लैस होंगे। यह विमान भारतीय नौसेना के लिए एक गेम-चेंजर साबित होंगे, जो समुद्र में संचालन की क्षमता को बढ़ाएंगे। इन जेट का इस्तेमाल विमानवाहक पोत पर भी किया जाएगा, जिससे भारतीय नौसेना की सामरिक ताकत में काफी इजाफा होगा।

### पाकिस्तान जैसी ताकतों के खिलाफ भी भारत को मिलेगी रणनीतिक बढ़त

यह सौदा केवल रक्षा क्षेत्र के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि यह भारतीय सामरिक ताकत को भी एक नई दिशा देगा। इससे न केवल वायुसेना और नौसेना की क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि यह चीन और पाकिस्तान जैसी ताकतों के खिलाफ भी भारत को रणनीतिक बढ़त प्रदान करेगा।

# छह जून से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा राम दरबार, 23 मई को होगी स्थापना



**लखनऊ।** अयोध्या के राम मंदिर में श्रद्धालु 6 जून से राम दरबार के दर्शन कर सकेंगे। इसके लिए मूर्तियों की स्थापना 23 मई को कर दी जाएगी। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि स्थापना के लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तरह कोई आयोजन नहीं किया जाएगा। रामलला का दर्शन करने आने वाले श्रद्धालु 6 जून से राम मंदिर के प्रथम तल पर राम दरबार का दर्शन कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि जनवरी 2024 में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी अब राम दरबार की स्थापना की जाएगी। इसके लिए भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और हनुमान जी की मूर्तियां अप्रैल के अंत तक अयोध्या पहुंच जाएंगी। इन मूर्तियों का निर्माण सफेद संगमरमर से जयपुर में किया जा रहा है।

इसके पहले जारी किए गए बयान में श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण कार्य अप्रैल के अंत तक पूरा हो जाएगा। रामजन्मभूमि परिसर में काम कर रही सभी क्रेन हटा दी जाएंगी। इसके बाद परकोटा के उत्तर व पूर्व दिशा में जो काम छोड़ दिया गया है, उसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया परिसर में स्थापित होने वाली सभी मूर्तियां अप्रैल के अंत तक आयोध्या पहुंच जाएंगी।

### कारों की ब्रिकी में प्रदेश में बना रिकॉर्ड, 4.43 लाख कार बिक्री के साथ देश में दूसरे स्थान पर

मिश्र ने कहा कि 6 जून तक राम मंदिर का द्वितीय तल भी बनकर तैयार हो जाएगा। वहीं, मंदिर के पूर्ण निर्माण के बाद अहाते की दीवारों का निर्माण करवाया जाएगा। 6 जून को राम दरबार के अलावा, मंदिर परिसर में बने महर्षि वाल्मीकि मंदिर के साथ ही सात अन्य मंदिरों को भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा।

# भाजपा नेता के होटल पर छापा 31 जुआरियों को दबोचा
## 17 लाख कैश...19 लग्जरी गाड़ी जब्त, पुलिस पर भी एक्शन

**मेरठ।** थाना दौराला क्षेत्र अंतर्गत एक होटल में जुआ चलने की सूचना पर छापा मारा गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी और कार्यवाही के संबंध में पुलिस अधीक्षक अपराध अविनाश कुमार ने जानकारी दी है।

एसएसपी के आदेश पर एसपी क्राइम और सीओ दौराला ने दादरी स्थित एक होटल पर छापा मारा। पुलिस ने भाजपा नेता अंकित मोतला के होटल पर छापा मारा था। जहां से 31 जुआरियों को पकड़ा है। पुलिस ने मौके से 17 लाख कैश, 19 लग्जरी गाड़ी, 40 मोबाइल बरामद किए हैं। अंकित समेत कई जुआरी भाग गए। एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा ने बताया कि इंस्पेक्टर दौराला उत्तम सिंह राठौर, दादरी चौकी इंचार्ज समेत 5 सिपाही लाइन हाजिर किए गए हैं। अंकित की मां उर्मिला देवी जिला पंचायत के वार्ड 9 से सदस्य हैं।



# मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा के बाद सीएम ममता बोली 'बंगाल में वक्फ संशोधन अधिनियम लागू नहीं होगा',



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को विश्व नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। यहां उन्होंने लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'मुझे कहा जाता है कि आप हर धर्म के कार्यक्रम में क्यों जाती हैं? मैं उनको कहती हूं कि मैं हमेशा जाती रहूंगी। अगर तुम गोली भी मार दो फिर भी मेरे मन से एकता नहीं निकाल सकते।'

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बीते दिन हुई वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों और पुलिस के बीच हुई झड़प के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि राज्य में वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू नहीं होगा। कोलकाता में जैन समुदाय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि वह अल्पसंख्यक लोगों और उनकी संपत्ति की रक्षा के लिए हम कदम उठाएंगी। उन्होंने कहा, 'मैं जानती हूं कि वक्फ अधिनियम के लागू होने से आप दुखी हैं। भरोसा रखें, बंगाल में ऐसा कुछ नहीं होगा, जिससे कोई समाज में फूट डालकर राज कर सके।' 'अगर हम साथ रहेंगे, तो हम दुनिया जीत सकते हैं' ममता ने कहा, 'बांग्लादेश की स्थिति देखिए। इसे अभी पारित नहीं किया जाना चाहिए था। आपको जियो और जीने दो का संदेश देना चाहिए। बंगाल में रहने वालों को सुरक्षा देना हमारा काम है। मैं आप सभी से अपील करती हूं कि अगर कोई आपको राजनीतिक रूप से एकत्र होने के लिए उकसाता है, तो कृपया ऐसा न करें। कृपया याद रखें कि दीदी आपकी और आपकी संपत्ति की रक्षा करेंगी। अगर हम साथ रहेंगे, तो हम दुनिया जीत सकते हैं।'

### संसद ने पारित किया था वक्फ विधेयक

वक्फ (संशोधन) विधेयक को बीते गुरुवार को लोकसभा ने पारित किया था। इसके बाद शुक्रवार की सुबह राज्यसभा ने भी इस पर मुहर लगा दी थी। संसद के दोनों सदनों में लंबी बहस के बाद इसे पारित किया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को विधेयक को अपनी मंजूरी भी दे दी थी। केंद्र सरकार ने इसे लागू करने के लिए बीते दिन ही अधिसूचना जारी की थी।

### बीते दिन मुर्शिदाबाद में हुई थी हिंसा

इससे पहले बीते दिन मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई थी। सड़क जाम करने से रोकने पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई थी। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस वाहनों में तोड़फोड़ की और आग लगा दी थी। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को शांत करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। इलाके में फिलहाल शांति है, लेकिन इंटरनेट को निलंबित रखा गया है।

# गूगल मैप ने उलझाया- बड़ा हादसा टला
## जाना था गोपालगंज...पहुंच गए डोमिनगढ़ रेल ट्रैक



**गोरखपुर।** गोपालपुर गांव के रहने वाले आदर्श राय सोमवार को गोरखपुर आए थे। रात में घर जाने के लिए कहीं रास्ता न भटक जाएं, इस डर से गूगल मैप पर गोपालपुर का रास्ता सर्च कर निकले। जिस गोपालपुर को गूगल मैप पर उन्होंने सर्च किया था, वह बिहार नहीं बल्कि शहर से सटे डोमिनगढ़ के समीप रेलवे ट्रैक की दूसरी ओर स्थित एक गांव है।

बीते नवंबर में बरेली में गूगल मैप देखकर जा रहे कार सवार अधूरे पुल से नीचे गिर गए थे। गोरखपुर में सोमवार की आधी रात गूगल मैप देखकर कार चालक डोमिनगढ़ और जगतबेला स्टेशन के बीच गोरखपुर-लखनऊ रेल मार्ग पर पहुंच गया। ट्रैक के किनारे रखे पत्थर में कार फंस गई, इसी बीच मालगाड़ी आ गई। हालांकि दूर से ही कार को देखकर मालगाड़ी के लोको पायलट ने ब्रेक लगा दिया। इसके चलते करीब 57 मिनट तक ट्रेनों का आवागमन बाधित रहा। आरपीएफ ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर गाड़ी को सीज कर दिया है।बिहार के गोपालगंज जिले के गोपालपुर गांव के रहने वाले आदर्श राय सोमवार को गोरखपुर आए थे।

रात में घर जाने के लिए कहीं रास्ता न भटक जाएं, इस डर से गूगल मैप पर गोपालपुर का रास्ता सर्च कर निकले। जिस गोपालपुर को गूगल मैप पर उन्होंने सर्च किया था, वह बिहार नहीं बल्कि शहर से सटे डोमिनगढ़ के समीप रेलवे ट्रैक की दूसरी ओर स्थित एक गांव है। देर रात करीब एक बजे कार से रेलवे ट्रैक के किनारे पहुंच गए। इसी दौरान ट्रैक से सटकर रखे पत्थरों में कार फंस गई। इस बीच ट्रैक पर मालगाड़ी आ गई। हालांकि मालगाड़ी के चालक ने कार को दूर से देख लिया, जिसके बाद ब्रेक लगा दिया। मालगाड़ी कार से बिल्कुल सटकर खड़ी हुई। इससे हादसा बाल-बाल बच गया

# संस हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में काम करने वाली नर्स की अस्पताल में हत्या
## गले की तीन हड्डियां टूटीं, तीन जगह खरोंच के निशान



**गोरखपुर।** संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद कोतवाली इलाके के टेमा रहमत स्थित संस हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में काम करने वाली नर्स की अस्पताल में हत्या कर दी गई। उसके गले में तीन जगह खरोंच के निशान मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक, पोस्टमार्टम में गले की तीन हड्डियां टूटी मिली हैं।

पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर संचालक रामजी राव के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं सीएमओ के निर्देश पर टीम ने अस्पताल सील कर दिया है। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पहुरा गांव के निवासी एक शख्स की पोती 24 वर्षीय युवती खलीलाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर स्थित निजी अस्पताल में नर्स थी। सोमवार रात में 11 बजे उसने मां को फोन करके बताया कि हॉस्पिटल में ही रुकेगी और सुबह घर आएगी। मंगलवार सुबह सात बजे तक ममता जब कमरे से बाहर नहीं निकली तो पड़ोस के कमरे के लोग पहुंचे। कमरे में कुंडी नहीं लगी थी। दरवाजा खोला गया नर्स बेसुध मिली। गले पर तीन जगह खरोंच के निशान दिखे। इसके बाद अस्पताल के स्टाफ ने परिजनों को सूचना दी। अस्पताल पहुंचे परिजन हंगामा करने लगे।

### गला दबाने से हुई थी नर्स की मौत

संतकबीरनगर की कोतवाली क्षेत्र के टेमा रहमत के अस्पताल में हुई स्टाफ नर्स की मौत के मामले में परिजनों का आरोप है कि उनकी बेटी की मौत दम घुटने से हुई है। उसे गला दबाकर मारा गया है। परिजनों का कहना है कि पुलिस और अस्पताल के डॉक्टर कुछ भी नहीं बता रहे हैं मगर उन्हें वहां के स्टाफ से जानकारियां मिली हैं। उधर डॉक्टरों की टीम ने वेजाइनल स्वाब का नमूना भी लिया है। इसे यह जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला को भेजा जाएगा। नर्स का पोस्टमार्टम चार चिकित्सकों के पैनल ने किया है।

### राहुल गांधी ने उठाया जाति जनगणना का मुद्दा, वक्फ कानून को बताया संविधान पर आक्रमण

**नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद में दो दिवसीय कांग्रेस अधिवेशन का आज दूसरा दिन है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आज अधिवेशन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जाति जनगणना और वक्फ कानून को लेकर अपनी बात रखी और भाजपा और संघ पर जमकर निशाना साधा। गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां दो दिवसीय अधिवेशन चल रहा है।

**सम्बंध विच्छेद**

हम मनोहर प्रसाद सुयाल पुत्र स्व. श्री महेशानन्द सुयाल व अनीता सुयाल पत्नी मनोहर प्रसाद सुयाल, निवासी-फ्लैट नं.-बी-2, प्लाट नं.-295, ग्रीन स्ट्रीट सोसाईटी, ज्ञान खंड-1, इंदिरापुरम, पोस्ट-शिप्रा सन सिटी, गाजियाबाद ने अपने पुत्र मनीष कुमार सुयाल व उसकी पत्नी मोनिका को दुर्व्यवहार करने व माता-पिता से पैसे माँगने पर ना दिए जाने पर अभ्रता का व्यवहार करने से तंग व परेशान होकर उनसे अपने सभी संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। हम व हमारे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 10 अप्रैल -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की टीम में बनेगी कौन महिला महामंत्री

## जातीय संतुलन जायेगा साधा या फिर बैलेंस बनेगा क्षेत्र को लेकर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष बन गये हैं और अब उन्हें अपनी टीम घोषित करनी है। मयंक गोयल की कप्तानी में पारी खेलने के लिए कई चेहरे तैयार हैं। पदों को लेकर एक नहीं दर्जनों दावेदार हैं। इन सबके बीच बात उस चेहरे की जो महिला राजनीति से आयेगा और बताया जाता है कि भाजपा के इस महिला चेहरे के सिर पर महामंत्री का ताज आयेगा। एक महिला को महामंत्री बनाया जाना है और ऐसे में किस चेहरे को ये मौका मिलेगा कि इसको लेकर भाजपा में ही चर्चा चल रही है। यहां जो चेहरे चर्चा में हैं उनमें भाजपा की उदिता त्यागी, रनिता सिंह, रेनू चंदेला, प्रीति चन्द्रा राय, मीना भंडारी, अनीता शर्मा, पूनम कौशिक के नाम चल रहे हैं। अब इनमें से कोई चेहरा बनेगा या पार्टी किसी अन्य चेहरे को मौका देगी। फिलहाल इन चेहरों को लेकर चर्चा है।

### महिला मोर्चा की संभालेंगी कमान या महामंत्री वाला स्थान



**करंट क्राइम।** उदिता त्यागी की बात करें तो वो भगवा राजनीति में हिंदुत्व का चेहरा बन कर उभरी हैं। उनकी लोकेशन भाजपा कार्यालय से ज्यादा डासना वाले मंदिर की मिलती है। हिंदुत्व को लेकर वो नए तेवर, नए क्लेवर में हैं। फिलहाल वो भाजपा महिला मोर्चा की महानगर संयोजिका हैं। पिछली पारी में उन्हें विद्युत वाले महकमें से जुड़ी कोई सरकारी जिम्मेदारी भी मिली थी। क्षेत्रीय टीम में भी रहीं हैं और अब महामंत्री के लिए भी उनका नाम चल रहा है।

### सक्रियता, कर्मठता और उपाध्यक्ष से महामंत्री की दावेदारी



**करंट क्राइम।** रनिता सिंह पार्टी के हर आयामों में नजर आती हैं। कार्यकर्ता भाव के साथ काम करती हैं। बड़ी बात ये है कि गैरविवादित चेहरा हैं तथा मधुर व्यवहार रहता है। ठाकुर समाज का फैक्टर है और वो लाईनपार क्षेत्र का भी प्रतिनिधित्व करती हैं। ये चेहरा महानगर उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी उठा चुका है और महामंत्री पद के लिए दावेदारी बनती है।

### क्या प्रीति चंद्रा राय को मिलेगा महामंत्री बनने का मौका



**करंट क्राइम।** प्रीति चंद्रा राय भाजपा की राजनीति में पुराना नाम हैं। वो व्यापार मंडल में भी पदाधिकारी रहीं हैं। स्थानीय आरडब्लूए से भी उनका जुड़ाव रहा है। उनका भी नाम महामंत्री वाली दावेदारी में चल रहा है।

### हर आयाम से लेकर चुनाव प्रचार में एक्टिव नाम हैं रेनू चंदेला



**करंट क्राइम।** अगर भाजपा की राजनीति में सक्रिय और ऊर्जावान चेहरे की बात करें तो रेनू चंदेला का नाम आता है। भाजपा की राजनीति में उन्होंने खुद को एक्टिव मोड में रखा है। हर चुनाव प्रचार में पार्टी उम्मीदवार के लिए जान लगाई है। महामंत्री पद के लिए दावेदारी बनती है। गुर्जर समाज से आती हैं और शहर लाईन के इस पार वाला चेहरा हैं। अनुभव और सक्रियता दोनों ही स्कोर कार्ड अच्छे हैं।

### पूर्व पार्षद मीना भंडारी को मिलेगी क्या ये जिम्मेदारी



**करंट क्राइम।** मीना भंडारी भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी रहीं हैं। वो नगर निगम पार्षद भी रह चुकी हैं। भाजपा की पुरानी कार्यकर्ता हैं। महामंत्री पद के लिए इस नाम की भी चर्चा है। दावेदारी का आधार ये है कि उत्तराखंड समाज से आती हैं। नदिया पार का चेहरा हैं और पार्टी की वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं। पूर्व पार्षद मीना भंडारी भाजपा की पुरानी कार्यकर्ता हैं और संघर्ष के दिनों में भी काम किया है।

### क्या पूनम कौशिक के नाम पर होगा महामंत्री के लिए विचार



**करंट क्राइम।** पूनम कौशिक भाजपा की महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष रहीं हैं। वो जनरल वीके सिंह खेमे की मानी जाती हैं। भाजपा की पुरानी कार्यकर्ता हैं। उनका नाम भी दावेदारी के लिए चर्चा में है। नदिया पार क्षेत्र से आती हैं। ब्राह्मण कार्ड एक फैक्टर है और उनकी वरिष्ठता का भी एक अलग फैक्टर है।

### क्या मिलेगा अनीता शर्मा को मुख्य संगठन में चांस



**करंट क्राइम।** महामंत्री पद की बात है और यहां एक महिला चेहरा लिया जाना है। अगर ब्राह्मण फैक्टर की बात करें तो अनीता शर्मा का नाम भी आता है। अनीता शर्मा भाजपा की पूर्व महिला मोर्चा महानगर अध्यक्ष रहीं हैं। एक बार फिर से ये नाम सुर्खियों में है। महिला मोर्चा की पारी खेलने के बाद अनीता शर्मा फिर से अपनी बारी का इंतजार कर रही हैं। महानगर टीम में महामंत्री पद की दावेदारी में यह नाम भी चल रहा है।

# पुराने शहर की ऐतिहासिक इमारतों का मुद्दा उठाया हिमांशु लव ने

## शहर विधायक संजीव शर्मा को लिखा पत्र और की सौन्दर्यीकरण कये जाने की मांग





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा के पूर्व पार्षद हिमांशु लव हमेशा सामयिक मुद्दों को समय-समय पर उठाते हैं। बीते दिनों उन्होंने शत्रु सम्पत्ति का मुद्दा उठाया था। इसके बाद एमएलसी दिनेश गोयल ने इस मुद्दे को विधान परिषद में उठाया। हिमांशु लव ने पत्र लिखकर ये अवगत कराया था कि यह सम्पत्ति किस तरह से प्राप्त हुई थी और उसके दस्तावेजों को अब सरकार के अधिकारी नहीं मान रहे हैं। पूर्व पार्षद हिमांशु लव एक बार फिर चर्चा में हैं और इस बार उन्होंने पुराने शहर के चारों गेटों का मामला उठाया है। हिमांशु लव ने शहर विधायक संजीव शर्मा को पत्र लिखा। उन्होंने अपने पत्र में शहर के चारों गेटों का हवाला दिया जिसमें जवाहर गेट, दिल्ली गेट, डसाना गेट और सिहानी गेट की बात की। उन्होंने कहा कि जिस जगह घंटाघर है वहां जवाहर गेट का सौन्दर्यीकरण गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा कराया गया। लेकिन जो गाजियाबाद के दो ऐतिहासिक द्वार है जिनमें डासना गेट औरदिल्ली गेट का सौन्दर्यीकरण जरूरी है। उनहोंने शहर विधायक को लिखे अपने पत्र में कहा कि चौथे गेट के रूप में जिस सिहानी गेट की बात होती है वो अब वहां है ही नहीं। उन्होंने लिखा कि सिहानी गेट का अस्तित्व ही समाप्त हो चुका है। हिमांशु लव ने डासना गेट और दिल्ली गेट की स्थिति को इंगित करते हुए लिखा कि अगर समय रहते हुए इन दोनों गेटों का सौन्दर्यीकरण नहीं हुआ तो ये भी अपना मूल अस्तित्व खो देंगे। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि सिहानी गेट पर फिर से द्वार का निर्माण कराया जाये।

### लगे विधायक निधि और द्वारों का नाम हो हिंदु विधि

**करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने शहर विधायक संजीव शर्मा को पत्र लिख कर पहला सुझाव तो ये दिया कि डासना गेट और दिल्ली गेट का निर्माण तथा इसका सौन्दर्यीकरण आप अपनी विधायक निधि से करवा सकते है। इसके अलावा नगर निगम या गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से भी इसका सौन्दर्यीकरण हो सकता है। यहां जो दूसरा सुझाव है वो अगर पास हुआ तो फिर दिल्ली गेट और डासना गेट नाम के द्वार ही नहीं मिलेगे। हिमांशु लव ने ये सुझाव दिया है कि डासना गेट और दिल्ली गेट का नाम हिंदु देवी, देवताओं के ना पर किया जाये। यहां पर पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने एक और महत्वपूर्ण सुझाव दिया है और वो ये है कि अगर हिंदु देवी देवताओं के नाम पर इन द्वारों का नाम नहीं रखा जा सका तो स्वाधीनता सेनानियों के नाम पर दिल्ली गेट और डासना गेट का नामकरण कर दिया जाये।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता को रखना चाहिए राजनीतिक शिष्टाचार का ध्यान : अभिषेक गर्ग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के नेता अभिषेक गर्ग ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के सियासी शिष्टाचार को लेकर बयान दिया। वो समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को लेकर की गई टिप्पणी से आहत हैं।

सपा नेता अभिषेक गर्ग ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक टीवी चैनल पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया वो अपमानजनक शब्द हैं। अभिषेक गर्ग ने कहा कि यह बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह बयान इस बात को प्रदर्शित करता है कि दिल्ली की सीएम को किस तरह के संस्कार मिले हैं और किस तरह की शिक्षा उन्होंने हासिल की है। राजनीति में या सामान्य जीवन में भी अपने से वरिष्ठ व्यक्ति के लिए कभी भी भाषा का स्तर निम्न नहीं होता है। हमें अपने से वरिष्ठ लोगों के लिए हमेशा सम्मानजनक भाषा शैली रखनी चाहिए। राजनीति में विचारधारा को लेकर विरोध हो सकता है। वैचारिक मतभेद हो सकते हैं लेकिन शब्दों की मर्यादा नहीं गिरनी चाहिए। जिस तरह के शब्द रेखा गुप्ता ने इस्तेमाल किये, उन्हें इन शब्दों के लिए माफी मांगनी चाहिए। राजनीति शिष्टाचार का ध्यान रखना चाहिए।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का बयान कहीं से भी उचित नहीं ठहराया जा सकता और यदि संवैधानिक और जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग इस तरह की भाषाशैली का इस्तेमाल करेंगे तो यहां राजनीति में आ रही गिरावट को प्रदर्शित कर रहा है। अभिषेक गर्ग ने कहा कि जो शब्द दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए इस्तेमाल किये वो किसी भी रूप में और किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

# गाजियाबाद को मिला पहला 'स्पेशल' बच्चों का स्कूल

## 200 छात्रों की क्षमता, छात्रावास समेत सभी आधुनिक सुविधाएं, कम फीस में मिलेगी शिक्षा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मसूरी में दिव्यांग बच्चों के लिए जिले का पहला स्पेशल स्कूल शुरू होने जा रहा है। इस स्कूल को 24 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। स्कूल में कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई होगी। यहां कुल 200 छात्रों को शिक्षा दी जाएगी। इनमें 100 बालक और 100 बालिकाएं शामिल होंगी। छात्रों की सुविधा के लिए बालक और बालिका छात्रावास की व्यवस्था की गई है। चीफ डेवलपमेंट ऑफिसर अभिनव गोपाल ने बताया कि स्कूल में 16 कक्षाएं बनाई गई हैं। इसके अलावा लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब और अन्य प्रयोगशालाएं भी मौजूद हैं। दिव्यांग छात्रों को कम फीस में शिक्षा दी जाएगी। इस स्कूल का प्रस्ताव 2018 में शासन को भेजा गया था। 2024 में यह बनकर तैयार हुआ है। पहले दिव्यांग छात्रों को शिक्षा के लिए मेरठ या दिल्ली जाना पड़ता था। अब उन्हें अपने जिले में ही बेहतर शिक्षा मिल सकेगी। एडमिशन एप्लीकेशन के आधार पर दिए जाएंगे। अभी ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। इसी शैक्षिक सत्र से स्कूल में पढ़ाई शुरू हो जाएगी।



# नशे का शौक पूरा करने के लिए लूटते थे मोबाइल फोन 40 हजार के फोन का पांच हजार में कर देते थे सौदा

## सिहानी गेट पुलिस ने दो लुटेरे दबोचे, लाखों के फोन बरामद

**गाजियाबाद , करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिटी जोन की सिहानी गेट पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। जो नशे का शौक पूरा करने के लिए मोबाइल लूट की वारदातों को अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने पकड़े गए दो आरोपियों से चोरी और लूट के 10 अलग-अलग महंगे फोन बरामद किए हैं। जिनकी कीमत लाखों में है। बताया जा रहा है कि यह 40 से 50 हजार की कीमत का फोन पांच से छह हजार में बेच दिया करते थे। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों से 10 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। साथ ही कई घटनाओं का खुलासा भी किया है। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया है कि थाना प्रभारी सिहानी गेट सचिन कुमार और उनकी टीम ने आरोपियों को पकड़ने का काम किया है।



### सीसीटीवी फुटेज से हुई थी आरोपियों की पहचान

**करंट क्राइम।** पुलिस का कहना है कि मोबाइल लूट के एक मामले में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिली थी, जिसके बाद पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस को सर्विलांस और मुखबिर के जरिए आरोपियों का पता मालूम हुआ। जिसके बाद पुलिस ने इन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की और माल बरामद किया है।

### चौराहा और मेट्रो स्टेशन के पास करते थे वारदात

**करंट क्राइम।** सिहानी गेट पुलिस ने मोबाइल लूट करने वाले विकास शर्मा और रोहित चौधरी नाम के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशान देही पर पुलिस ने लाखों की कीमत के 10 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि यह मोबाइल लूट की वारदात को मेट्रो स्टेशन के आसपास और भीड़भाड़ वाले चौराहों पर अंजाम दिया करते थे। पुलिस की माने तो बीते कुछ महीनो में उनके द्वारा दर्जन भर से ज्यादा वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस इनसे पूछताछ कर अन्य वारदातों के खुलासे में लगी हुई है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे कहीं पर, हो रही थी वहां पर भगवा चाबी खोने वालों की बात? कहने वाले ने कहा- अब वो पहले जैसे नहीं रहे भाई साहब? प्रमुख पद पर आने के लिये वो दिल से ज्यादा दिगाम से कर रहे हैं काम? हमने देखा, वो मंच पर माइक संभाल रहे थे, कोई नाराज ना हो जाए, इसलिये नहीं लिया उन्होंने पुराने साथियों का नाम? कहने वाले ने कहा- सिस्टम बदलते ही उन्होंने करा दिया है कई चेहरों को एहसास? तुम्हारे अंगने में अब क्या है हमारा काम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये सूचना आप भगवा वालों के जनहित में कर दो जारी? हम कहीं बैठे थे, इस सूचना को लेकर एक बड़े नेता कर रहे थे अपना मत जारी? कह रहे थे, हमने पढ़ा है पार्टी का ध्यान से संविधान? जो चार बार पदों पर रह लिया है वो खेल नहीं पाएगा फिर से पारी? कहने वाले ने कहा- ऐसे कई चेहरे सिस्टम में हैं, जो कर रहे हैं टीम में आने की तैयारी? अगर, ये बात थोड़ी भी सच है तो फिर अरमानों पर चल सकती है उनके आरी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा की टीम में स्थान पाने के लिये यूं तो, एक अनार है और सौ हैं बीमार? मगर, हमें पता चली है अंदर से बात? एक पंडित जी करने वाले हैं फिनिश लाइन को पार? सुना है आजकल वो बहुत ज्यादा कर रहे हैं संगठन के काम? नहीं मिल रहा है उनको बिल्कुल भी आराम? सुना है वो कर रहे थे किसी से अपने दिल की बात? कह रहे थे, संगठन के प्रति हमारा जज्बा इतना ज्यादा है, भले ही हमारे प्रोफेशन पर पड़ रहा हो इस वजह से आघात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे एक विधायक जी के पास? ये विधायक जी भगवा योद्धा की तारीफें कर रहे थे बेहिसाब? कह रहे थे, जबसे संभाला है इन्होंने अपना चार्ज? तब से हम देख रहे हैं, जारी है इनका जोश? पार्टी के अधिकतर आयाम इन्होंने हिट कराकर कर दिया है सबको खामोश? लग रहा है जिस तरह से ये कर रहे हैं वर्किंग फाइन? एक दिन खींच देंगे ये भगवा कमांडर से लंबी लाइन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा रेड फेस मैन ने चिंटू जी के कॉलम में पंडित जी को हाथ दिखाने वाली बात से खड़े कर दिये अपने हाथ? कहा- हाथ हम अपना नहीं दिखवाना चाहते, हम तो मजबूती से खड़े हैं गागर में सागर भरने वाले नागर जी के साथ? हमारे दिल के यही है अरमान? प्रमुख वाले पद पर हो जाए नागर जी का समाधान? हम तो इस रेस से हैं कोसों दूर? हम चाहते हैं, कह दिया तो हुआ समझो, वाले विधायक जी इनके लिये पूरी ताकत से कहे? क्योंकि हम इस चेहरे से प्यार करते हैं भरपूर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पप्पू भैया की तर्ज पर एक महान मंत्री ने कर दिया है स्पष्ट? हम भी अब नहीं खेलेंगे फिर से ये वाली पारी? इस बात को कहने में है हमको कोई कष्ट? सुना है इन महान मंत्री ने तमाम पंचों के बीच में बैठकर कही है ये बात? कहा है- ना शिकवा है किसी से, ना ही है किसी से शिकायत? अब हम भगवा गढ़ की राजनीति में आजमाएंगे किसी ओर जगह हाथ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा की टीम में अनुसूचित फैक्टर का भी दिखेगा असर? सुना है भले ही गौतम भैया खामोश हों? मगर, भागदौड़ करने में मिस्टर माहौर से लेकर, वाल्मीकि वाले मिस्टर चौहान नहीं छोड़ रहे हैं कोई कसर? कहने वाले ने कहा- फिलहाल हमारे पास इस मामले में है एक ताजा अपडेट? चौहान जी इस मामले में फर्स्ट चल रहे हैं? मिस्टर माहौर हो रहे हैं थोड़ा सा लेट? हम चाहते हैं बढ़ा दें शर्मा जी के प्रिय लक्ष्मण अपनी रफ्तार? इससे पहले कहीं बंद ना हो जाए संगठन वाले गेट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे शहर वाले सक्रिय कार्यक्रम में मौजूद? मंच पर नजर आ रहा था हमें माइक हाथ में पकड़े हुए एक लगभग घोषित हो चुके चेहरे का वजूद? सुना है ये ले रहे थे पूरी तत्परता से सभी का नाम? मगर, इनका नहीं जा रहा था मिस्टर यादव और मिस्टर संजय भैया पर ध्यान? इस अनदेखी के हमें दिख रहे थे दोनों के चेहरे पर भाव? मगर, जैसे ही भगवा कमांडर शर्मा जी ने संभाला माइक, वैसे ही दूर हो गया इन दोनों का तनाव? उन्होंने मंच से किया इन दोनों की मेहनत का गुणगान? दूर हो चुका था तनाव? रेड सा फेस किसी का फिर से हो गया था श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक शर्मा चेहरे को मन से है इस बात की जानकारी कि इस बार भी वो मुश्किल ही कर पाएंगे संगठन की सवारी? इन्हें पता है कि इन्होंने की थी एक गोयल की अध्यक्ष की घोषणा होने से पहले पैरोकारी? बस वो गोयल साहब दूसरे थे, इसी से पलट गई है कहानी सारी? इन्हें ये भी पता है कि दूसरे वाले गोयल साहब को भी है इनकी दूसरे गोयल साहब के लिये की गई पैरोकारी की जानकारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें बहुत ज्यादा भाता है प्रेम भैया का किरदार? वो जिस सिस्टम की बात करते हैं उससे नहीं जाते हैं बाहर? हमने देखा उन्होंने हमेशा मांगा है एक समय के बाद पार्टी के अध्यक्ष वाला पद? अगर, ये पद नहीं मिला, तो फिर उन्होंने दूसरों की तरह पार नहीं की हद? त्यागी जी अपनी बात पर हमेशा बना रहे हैं यार? इसलिये हमें भाता पूरे प्रेम से उनका किरदार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## संपादकीय

# भारत में मंदी नहीं

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ वार से दुनिया के देशों में हाहाकार, कोहराम मचा है। शेयर बाजार औंधे मुंह गिर रहे हैं। भारत की सूचीबद्ध कंपनियों के, एक ही दिन में, 14 लाख करोड़ रुपए से अधिक डूब गए। आकलन है कि इसी सत्र में भारतीय बाजार के 50–60 लाख करोड़ रुपए डूब चुके हैं। भारत के अलावा चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग, ताइवान आदि देशों में भी निवेश स्वाहा हुए हैं, लिहाजा निवेशक अपना शेष धन बचाने के लिए इधर–उधर प्रयासरत हैं। करीब 50 देशों ने राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत की पेशकश की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस जवाब अमरीका ने नहीं दिया है। हालांकि टैरिफ वार के बाद अमरीकी कंपनियों का मार्केट कैप भी करीब 516 लाख करोड़ रुपए (करीब 6 लाख करोड़ डॉलर) घट चुका है। यह राशि भारतीय जीडीपी से डेढ़ गुणा ज्यादा के करीब है। चूंकि अमरीका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लिहाजा संभव है कि वह इस नुकसान की भरपाई जल्द ही कर ले! हालात ऐसे बन गए हैं कि अमरीका में ही आर्थिक मंदी की आशंका 35 फीसदी से बढ़ कर 45 फीसदी हो गई है। बहरहाल अमरीका में जन–सैलाब सडकों पर उमड़ा है। लोग राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ के साथ–साथ अन्य नीतियों का भी पुरजोर विरोध कर रहे हैं। भीड़ के निशाने पर खरबपति अमरीकी एलन मस्क भी हैं। उनकी टेस्ला कारें जलाई जा रही हैं। ट्रंप जनवरी, 2025 में ही दूसरी बार अमरीका के राष्ट्रपति पद पर आसीन हुए हैं। इतनी जल्दी उनकी लोकप्रियता के पतन को देखकर हर कोई हैरान है। शायद ऐसा किसी भी अमरीकी राष्ट्रपति के संदर्भ में नहीं हुआ! बेशक टैरिफ वार का प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ेगा, लिहाजा अमरीका के मित्र माने जाने वाले यूरोप और नाटो देश भी राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र, विश्व व्यापार संगठन सरीखी अंतरराष्ट्रीय पंचायतों पर भी प्रहार किए हैं और वह वैश्वीकरण की धारणा और व्यवस्था को ही खत्म करने पर आमादा हैं, नतीजतन दुनिया की स्थापित ह्यसप्लाई चेनह्ण भी खंडित होगी, लिहाजा नए व्यापारिक समीकरण बनेंगे और नई सप्लाई चेन भी स्थापित हो सकती है। अलबत्ता निर्यात कम होंगे। मांग कम होगी। मंदी के आसार बनेंगे। सरकारों को तैयार हो जाना चाहिए। यदि देश अमरीका पर ही टैरिफ लगाते हैं और अन्य देशों पर पहले जैसा ही टैरिफ वसूलते हैं, तो उसके परिणाम अलग होंगे। अमरीका के टैरिफ प्रहार पर फिलहाल भारत सरकार खामोश और निश्चिंत लग रही है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय आगामी 6 सप्ताह तक टैरिफ वार के चौतरफा प्रभावों का विश्लेषण करना चाहता है। बेशक भारत के कारोबार और अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ेगा, लेकिन आर्थिक मंदी की बात करना या दुष्प्रचार करना गलत है। भारत में घरेलू बाजार, मांग और खपत व्यापक है। हम अमरीका को निर्यात के ही भरोसे नहीं हैं, क्योंकि भारत बड़ा निर्यातक देश नहीं है। हमारी जीडीपी में माल निर्यात की हिस्सेदारी मात्र 10 फीसदी है। जीडीपी का मात्र 2 फीसदी ही अमरीका की टैरिफ नीति से प्रभावित होगा।

# टैरिफ के कारण बाजार में असमंजस बरकरार
# सेंसेक्स 380 अंक गिरा, निफ्टी 22400 के नीचे बंद



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार पर अमेरिका की ओर से घोषित जवाबी टैरिफ का असर फिलहाल बरकरार है। एक दिन की राहत के बाद बुधवार को भी प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। बुधवार को सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 379.93 अंक या 0.51 प्रतिशत गिरकर 73,847.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 554.02 अंक या 0.74 प्रतिशत गिरकर 73,673.06 अंक के निचले स्तर पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 136.70 अंक या 0.61 प्रतिशत गिरकर 22,399.15 अंक पर आ गया। दिन के कारोबार में यह 182.6 अंक या 0.81 प्रतिशत गिरकर 22,353.25 अंक पर आ गया।

जानकारों के अनुसार, पारस्परिक टैरिफ के लागू होने के बाद वैश्विक वित्तीय बाजारों में नए सिरे से बिकवाली का दबाव दिख रहा है। व्यापार युद्ध वैश्विक परिदृश्य के लिए जोखिम बढ़ा रहा है। अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में इजाफे से दुनिया की सुरक्षित ट्रेजरी परिसंपत्तियों में बिकवाली हो रही है। ऐसे में भारत में, रेपो दर में कटौती एक रचनात्मक कदम साबित हो सकता है।

रेपो रेट में कटौती के बावजूद बाजार में नहीं लौट सकी खरीदारी

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा,हालांकि, इससे समग्र बाजार भावना को बढ़ाने में कोई मदद नहीं मिली है, क्योंकि दुनिया मंदी के जोखिम को स्वीकार कर रही है। सेंसेक्स के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट भारतीय स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा स्टील, सन फार्मा, इंफोसिस, एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एनटीपीसी के शेयरों में रही। नेस्ले, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईटीसी लाभ में रहे।

एशियाई बाजारों में, टोक्यो का निक्केई 225 सूचकांक और दक्षिण कोरिया का कोस्पी नीचे बंद हुए जबकि शंघाई एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग ऊपर बंद हुए। टोक्यो का निक्केई 225 सूचकांक करीब 4 फीसदी गिरा। यूरोप के बाजारों में भारी गिरावट देखी गई। मंगलवार को अमेरिकी बाजार भी काफी गिरावट के साथ बंद हुए।

### आरबीआई ने एमपीसी की बैठक के बाद ब्याज दरों में कटौती का ऐलान किया

भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वित्तीय वर्ष की पहली एमपीसी बैठक के बाद लगातार दूसरी बार नीतिगत दरों में कटौती की है। इसका मकसद अमेरिकी टैरिफ के कारण पड़ने वाले दबाव को देखते हुए अर्थव्यवस्था को मजबूती देना है। एशियाई शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप घरेलू शेयर सूचकांक गिरावट के साथ खुले और पूरे सत्र के दौरान नकारात्मक दायरे में रहे। अमेरिका ने चीनी आयात पर 104 प्रतिशत का भारी शुल्क लगा दिया है।

### एमपीसी ने लगातार दूसरी बैठक में ब्याज दरों में कटौती का लिया फैसला

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को लगातार दूसरी बार ब्याज दरों में कटौती की तथा भविष्य में और अधिक कटौती का संकेत दिया। इसका कदम का उद्देश्य अमेरिकी टैरिफ के कारण पड़ने वाले दबाव को देखते हुए अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी), जिसमें सदस्य के तौर पर तीन लोग केंद्रीय बैंक से और इतने ही लोग बाहर से हैं, ने सर्वसम्मति से रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती करने का फैसला लिया। इसके साथ ही रेपो रेट 6 प्रतिशत हो गई है। इसे फरवरी में भी 25 आधार अंक घटाया गया था। मई 2020 के बाद यह पहली कटौती थी।

# 'भारत व्यापार समझौते पर अमेरिका से कर रहा बातचीत'

## टैरिफ से जुड़ी चिंताओं पर बोले विदेश मंत्री



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका की ओर से दुनियाभर के देशों पर लगाए गए जवाबी टैरिफ पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक शुल्कों का प्रभाव अभी ज्ञात नहीं है। विदेश मंत्री के अनुसार इस स्थिति से निपटने के लिए नई दिल्ली की रणनीति इस साल के अंत तक वाशिंगटन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देना है। टैरिफ पर अमेरिकी नीति के बारे में बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद भारत शायद एकमात्र देश है जो वाशिंगटन के साथ व्यापार समझौते पर सहमति बना पाया है। विदेश मंत्री की यह टिप्पणी ट्रंप की ओर से भारत सहित लगभग पांच देशों के खिलाफ लगाए गए व्यापक टैरिफ के लागू होने के कुछ घंटों बाद आई है। टैरिफ के लागू होने से बड़े पैमाने पर व्यापार से जुड़ा व्यवधान उत्पन्न हो गया है और वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ गई है।

भारत उन देशों में शामिल है, जिन्होंने वैश्विक अर्थव्यवस्था में संभावित भूचाल पर प्रतिक्रिया देते हुए सतर्क रुख अपनाया है और कहा है कि वह द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर ट्रम्प प्रशासन के साथ बातचीत कर रहा है। जयशंकर ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा,मुझे नहीं लगता कि इस बारे में बात करना संभव है कि इसका क्या प्रभाव होगा, क्योंकि हम नहीं जानते। हमारी रणनीति क्या है? मुझे लगता है कि यह बिल्कुल स्पष्ट है। उन्होंने कहा, हमने निर्णय लिया है कि हम इन मुद्दों पर ट्रंप प्रशासन के साथ शीघ्र ही बातचीत करेंगे। हम इस बात पर सहमत हुए हैं कि इस वर्ष के अंत तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत को अंतिम रूप देने की कोशिश की जाएगी।

# 'टैरिफ से निर्यात पर पड़ेगा असर'

## जवाबी शुल्क के बाद आर्थिक चुनौतियों पर आरबीआई गवर्नर ने जताया यह अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद बताया कि दुनियाभर में चल रहे टैरिफ वॉर के कारण विभिन्न क्षेत्रों का आर्थिक परिदृश्य धुंधला पड़ गया है। मल्होत्रा ने कहा कि इससे दुनिया में विकास दर और महंगाई से जुड़ी नई चुनौतियां पैदा होने का जोखिम बढ़ गया है। भारत पर अमेरिका के जवाबी टैरिफ के प्रभाव पर आरबीआई गवर्नर ने कहा कि देश के निर्यात पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। चालू वित्त वर्ष के लिए पहली एमपीसी बैठक के बाद रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा, वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण वस्तुओं के निर्यात पर दबाव दिख सकता है। वहीं सेवाओं के निर्यात में लचीलापन रहने की उम्मीद है। वैश्विक व्यापार से जुड़े व्यवधानों के कारण पैदा हुई चुनौतियां दुनियभर के बाजार में गिरावट का जोखिम बढ़ाती रहेंगी। वैश्विक अनिश्चितताओं को देखते हुए आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए विकास अनुमान को भी 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है।

उन्होंने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में हाल के दिनों में अस्थिरता बढ़ने से अनिश्चितताएं उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। चालू वित्त वर्ष के लिए वृद्धि दर के अनुमान को फरवरी के 6.7 प्रतिशत के आकलन की तुलना में 20 आधार अंकों तक कम कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हालिया व्यापार शुल्क संबंधी घटनाक्रमों ने विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक परिदृश्य पर अनिश्चितताओं को और बढ़ा दिया है। इससे वैश्विक विकास और मुद्रास्फीति के लिए नई चुनौतियां पैदा हो गई हैं। इस उथल-पुथल के बीच, अमेरिकी डॉलर में भी उल्लेखनीय गिरावट आई है। इससे बांड प्रतिफल में भी कमी आई है। इक्विटी बाजारों में सुधार हो रहा है; और कच्चे तेल की कीमतें तीन वर्षों के निम्नतम स्तर पर आ गई हैं।

# निजी नियोक्ता नियुक्ति पत्र में बताएं कहां होगा विवादों का निपटारा



**नई दिल्ली।** निजी नियोक्ता कर्मचारी के नियुक्ति पत्र में यह प्रावधान शामिल कर सकते हैं कि रोजगार संबंधी किसी भी विवाद का समाधान किस विशेष अदालत या क्षेत्राधिकार में किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह बात कही है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि अनुबंध एक कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता है, चाहे इसमें शामिल पक्ष या उनकी ताकत कुछ भी हो। अदालत ने कहा, कानूनी तरीके से विवादों को सुलझाने का अधिकार किसी भी पक्ष की ओर से अनुबंध के माध्यम से नहीं छीना जा सकता है, बल्कि पक्षों की सुविधा के लिए इसे कुछ न्यायालयों को सौंपा जा सकता है। न्यायालय ने कहा कि वर्तमान विवाद में यह धारा कर्मचारी से कानूनी दावा करने के अधिकार को नहीं छीनती, बल्कि उन्हें केवल मुम्बई की अदालतों में ही दावा करने तक सीमित कर देती है। सर्वोच्च न्यायालय पटना में नियुक्त एचडीएफसी बैंक और दिल्ली में नियुक्त लॉर्ड कृष्णा बैंक के दो कर्मचारियों द्वारा दायर अपीलों पर सुनवाई कर रहा था। दोनों मामलों में बैंकों ने अपने नियुक्ति पत्रों में उल्लेख किया था कि पक्षों के बीच कोई भी विवाद जिसके कारण कानूनी कार्रवाई की नौबत आती है, उसका समाधान मुम्बई स्थित सक्षम न्यायालय में किया जाना चाहिए। जब धोखाधड़ी और कदाचार के आरोपों के कारण दोनों कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी गईं, तो उन्होंने पटना और दिल्ली की संबंधित अदालतों में अपनी बर्खास्तगी को चुनौती दी। इन स्थानों के उच्च न्यायालयों ने यह निर्णय दिया कि कर्मचारी अपनी सेवा समाप्ति को उस न्यायालय में चुनौती दे सकते हैं जहां वे सेवा समाप्ति से पहले तैनात थे। हालांकि, शीर्ष अदालत ने कहा कि सार्वजनिक सेवा और निजी नियोक्ता के साथ सेवा अनुबंध के बीच बहुत अंतर है। अदालत ने कहा, सरकारी सेवा की उत्पत्ति संविदात्मक है। प्रत्येक मामले में प्रस्ताव और स्वीकृति होती है। लेकिन एक बार अपने पद या कार्यालय में नियुक्त होने के बाद, सरकारी कर्मचारी को एक दर्जा प्राप्त हो जाता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- कछुआ अंतरिक्ष यात्री से पहले चंद्रमा परिक्रमा किया था : वह एक रूसी अंतरिक्ष जांच का परीक्षण करने के लिए भेजा गया था।
- अगर मनुष्य को बिना किसी सुरक्षा उपाय के स्पेस में छोड़ दिया जाए तो वह केवल 2 :00 मिनट तक ही जीवित रहेगा।
- अंतरिक्ष यात्री जब अंतरिक्ष का सफर कर पृथ्वी पर लौटते हैं तो उन्हें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के हिसाब से ढलने में समय लगता है। अंतरिक्ष की तरह वह पृथ्वी पर भी चीजों को हाथ से छोड़ देते हैं। लेकिन पृथ्वी पर चीजें जमीन पर गिर जाती हैं और टूट जाती हैं।
- अंतरिक्ष में पहली मानव निर्मित वस्तु जर्मन वी 2 रॉकेट थी।
- उत्तर कोरिया की अंतरिक्ष एजेंसी को ₹नाडा₹ कहा जाता है, जो स्पेनिश में ₹कुछ नहीं₹ होता है।
- स्पेससूट में सीटी बजाना असंभव है।
- अंतरिक्ष में जन्मे काकरोच पृथ्वी पर जन्मे तिलचट्टे से तेज, ताकतवर, सख्त, और तेज हो जाते हैं।
- शुक्र के बादलों के ऊपर फ्लोटिंग शहरों दो ग्रह प्रजातियों के लिए हमारी सबसे अच्छी शर्त हो सकती हैं। धरती के समान स्थितियां एक इंसान को एक दबावयुक्त सूट की आवश्यकता नहीं होती है।

## राशिफल

**मेष:** दाम्पत्य जीवन में सुख–समृद्धि रहेगी। जीवनसाथी परिवार के किसी सदस्य के खिलाफ आपसे शिकायत कर सकता है।

**वृष:** आपको अपनी वाणी में संयम रखना होगा। गुस्से में आकर अपनी पत्नी या पार्टनर से ऐसी कोई बात न कहें जिससे रिश्ते में हमेशा के लिए दरार आ जाए।

**मिथुन:** वैवाहिक जीवन पर पूरा ध्यान दें और अपने जीवन साथी की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करें। रिश्ता मजबूत होगा।

**कर्क:** पत्नी के साथ आप उत्साह का अनुभव करेंगे। पार्टनर से छोटी–छोटी बातों पर विवाद हो सकता है। किसी बात का विरोध करने पर तनाव हो सकता है।

**सिंह:** लव लाइफ के लिए आज का दिन आपके लिए कमजोर है, आज लव पार्टनर से कहासुनी भी हो सकती है।

**कन्या:** आप अपने जीवन साथी के प्रति उत्साहित रहेंगे। आपके नेतृत्व कौशल की आपकी पत्नी प्रशंसा करेगी।

**तुला:** दाम्पत्य जीवन सामान्य रहेगा। आप अपने जीवन साथी को लेकर चिंतित रहेंगे। प्रेम जीवन जीने वालों को भी आज थोड़ा सब्र रखना होगा।

**वृश्चिक:** अपने रिश्ते को गंभीरता से लेने का समय आ गया है। आपके कई रिश्तों में विवाद और दरार आ सकती है।

**धनु:** लव लाइफ के लिए दिन कमजोर है। कलह की संभावना हो सकती है। आपकी वजह से आज अपनों का मूड खराब हो सकता है।

**मकर:** इस बात का ध्यान रखें कि आपके और आपकी पत्नी के बीच मनमुटाव न हो। मन में उदासीनता हो सकती है।

**कुंभ:** लव लाइफ की तरफ से भी आज का दिन शुभ है। पार्टनर के साथ कुछ पुरानी यादें ताजा होंगी।

**मीन:** दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आपका जीवन साथी आपकी हर जरूरत को पूरा करेगा। उनका सहयोग मिलने से आप धन्य होंगे।

## चुटकुले

मास्टर जी– इस मुहावरे का अर्थ बताओ सांप की दुम पर पैर रखना।
स्टूडेंट– पत्नी को मायके जाने से रोकना।
अब मास्टर जी ये नहीं समझ पा रहे कि बच्चे को बाहर निकालूं या क्लास का मॉनिटर बनाऊं।

---

लड़का जैसे ही कॉलेज में पहुंचा, खुशी से उछलने लगा
दोस्त– क्या हुआ, इतना खुश कैसे है?
लड़का– आज पहली बार मुझसे किसी लड़की ने मेट्रो में बात की है,
दोस्त– वाह भाई, क्या बात हुई?
लड़का– मैं बैठा था, वो बोली– उठ ये लेडीज सीट है।

---

एक बार बस के कंडक्टर ने चिंटू से पूछा – तुम हर रोज दरवाजे के पास ही खड़े रहते हो,
तुम्हारा बाप चौकीदार है क्या?
चिंटू बहुत ही शरारती था
बोला – तुम हमेशा मुझसे पैसे मांगते रहते हो, तुम्हारा बाप भिखारी है क्या?




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# लय बरकरार रखने उतरेंगी दिल्ली और बेंगलुरु की टीमें

## आज रहेंगी विराट और स्टार्क पर सभी की नजरें

**दोनों टीमों के हेड टु हेड रिकॉर्ड पर नजर डालें तो बेंगलुरु का दिल्ली पर पलड़ा भारी है। अबतक दोनों टीमों का आईपीएल में 31 मैचों में आमना-सामना हुआ है। बेंगलुरु ने 19 और दिल्ली ने 11 मैच जीते हैं जबकि एक मुकाबला बेनतीजा रहा है।**




**बेंगलुरु।** शानदार फॉर्म में चल रहीं दिल्ली और बेंगलुरु की टीमें गुरुवार को आपस में भिड़ेंगी। बंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल 2025 का 24वां मुकाबला खेला जाएगा। इस दौरान विराट कोहली का सामना मिचेल स्टार्क से होगा। दिल्ली ने अब तक खेले सभी तीनों मुकाबले जीते हैं जबकि आरसीबी ने चार में तीन मैचों में जीत का स्वाद चखा है। दोनों टीमें क्रमशः पहले और तीसरे स्थान पर हैं।

**दिल्ली को रहना होगा सावधान :** आरसीबी ने कोलकाता, चेन्नई और मुंबई में जीत दर्ज की और एकमात्र पराजय उसे चिन्नास्वामी स्टेडियम पर गुजरात टाइटंस के हाथों झेलनी पड़ी। हार की वजह हालांकि टीम की कोई कमी नहीं रही बल्कि चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच ने उसे हैरान कर दिया। वहीं, विशाखापत्तनम और चेन्नई जैसी अलग अलग पिचों पर जीत दर्ज करके आई दिल्ली के खिलाफ आरसीबी को सावधान रहना होगा। वैसे विराट के फॉर्म में आने से मेजबान टीम के हौसले बुलंद है।

**विराट और स्टार्क के बीच होगी टक्कर :** विराट को हालांकि आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव से पार पाना होगा। कोहली ने स्टार्क के खिलाफ टी20 क्रिकेट में 31 गेंद में 72 रन बनाए हैं। इस सत्र में स्टार्क तीन मैचों में 11 की औसत से नौ विकेट ले चुके हैं। पावरप्ले में स्टार्क और कोहली की भिड़ंत पर बहुत कुछ निर्भर करेगा।

**कुलदीप के खिलाफ विराट का कैसा होगा रुख ? :** इसके बाद कुलदीप से सामना होगा जो छह की इकॉनॉमी रेट से छह विकेट ले चुके हैं। वैसे टी20 क्रिकेट में स्पिनरों के खिलाफ ऊंचे और स्वीप शॉट खेलने की अपनी कमजोरी से पार पा चुके कोहली काफी उम्दा प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे उन्हें धीमे बल्लेबाजों के खिलाफ खुलकर खेलने में मदद मिल रही है। कुलदीप की तरकश में हालांकि कई तीर हैं और वह किसी भी बल्लेबाज को परेशान कर सकते हैं।

### अक्षर से होगा पाटीदार का सामना

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार भी फॉर्म में हैं और वह स्पिनरों को खेलने में माहिर हैं। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स को बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल से अधिक प्रभावी भूमिका की उम्मीद होगी। कप्तान अक्षर ने अब तक तीन मैचों में आठ ओवर डाले हैं लेकिन एक भी विकेट नहीं ले सके हैं।

**राहुल और डुप्लेसिस पर रहेगी नजरें :** आरसीबी के लिए नई गेंद संभालने वाले जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार पावरप्ले में प्रभावी रहे हैं। उन्हें दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल पर लगाम लगानी होगी जो यहां के हालात से बखूबी वाकिफ हैं। राहुल अब देर तक टिकने की बजाय बेहद आक्रामक खेलने के इरादे से उतर रहे हैं जिससे काफी खतरनाक भी साबित हो रहे हैं। दिल्ली की नजरें फाफ डुप्लेसिस की फिटनेस पर भी लगी होंगी जो चेन्नई के खिलाफ पिछला मैच नहीं खेल पाए थे। यहां के हालात से वाकिफ डुप्लेसिस अगर फिट होते हैं तो आरसीबी के नयी गेंद के गेंदबाजों को अतिरिक्त प्रयास करने होंगे।

### बेंगलुरु और दिल्ली के बीच आईपीएल 2025 मैच से जुड़ी जानकारियां...

- बेंगलुरु और दिल्ली के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला कब खेला जाएगा?
- बेंगलुरु और दिल्ली के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला 10 अप्रैल यानी गुरुवार को खेला जाएगा।
- बेंगलुरु और दिल्ली के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला कहां खेला जाएगा?
- बेंगलुरु और दिल्ली के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला बंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।
- बेंगलुरु और दिल्ली के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला कब शुरू होगा?
- बेंगलुरु और दिल्ली के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। टॉस इससे आधे घंटे पहले यानी शाम सात बजे होगा।
- बेंगलुरु-दिल्ली के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला किस टीवी चैनल पर देख सकते हैं?
- बेंगलुरु और दिल्ली के बीच आईपीएल 2025 का मुकाबला स्टार स्पोर्ट्स के चैनलों पर देखा जा सकेगा।

# मैंने कभी किसी को पीछे छोड़ने की कोशिश नहीं की : विराट कोहली

## आईपीएल में फॉर्म में चल रहे हैं कोहली



**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली आईपीएल 2025 में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। कोहली चार मैचों में दो अर्धशतक लगा चुके हैं। आरसीबी का सामना अब गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स के साथ होना है। कोहली ने मैच से पहले पिछले कुछ सप्ताह में उनका करियर कैसा रहा है इस पर बात की है। उन्होंने कहा कि टीम उन्हें जो भूमिका देती है वो उसे पूरा करने की कोशिश करते हैं।

कोहली ने आईपीएल के 18वें सीजन से पहले चैंपियंस ट्रॉफी में कुछ अच्छी पारियां खेली थी। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद शतक लगाया था और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 84 रन बनाए थे। अपनी बल्लेबाजी पर बात करते हुए कोहली ने कहा कि उन्होंने कभी किसी को पीछे छोड़ने की कोशिश नहीं की है। कोहली ने स्वीकार किया कि आईपीएल में 18 साल बिताने से उन्हें क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में अपने कौशल को निखारने में मदद मिली।

**कोहली बोले- जिम्मेदारी उठाने की पहल करता हूं :** कोहली ने कहा, बल्लेबाजी कभी अहंकार के बारे में नहीं है। यह कभी किसी को मात देने की कोशिश नहीं है। मेरे लिए यह हमेशा खेल की स्थिति को समझने के बारे में रहा है। यह कुछ ऐसा है जिस पर मुझे हमेशा गर्व है। मैं परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहता हूं। अगर मैं लय में होता हूं तो मैं स्वाभाविक रूप से जिम्मेदारी उठाने की पहल करता हूं। अगर कोई और बेहतर तरीके से खेल रहा होता है तो वह ऐसा करता है। आरसीबी के साथ अपने पहले तीन वर्षों में मुझे शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने के मौके नहीं मिले। मुझे आमतौर पर निचले क्रम में भेजा जाता था। ऐसे में मैं उस दौरान आईपीएल में बड़े पैमाने पर सफल नहीं हो पाया।

कोहली ने कहा, मैंने साल 2010 से अच्छा प्रदर्शन करना शुरू किया और 2011 से नियमित तौर पर तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने लगा।

# 'सीएसके के लिए धोनी परेशानी का कारण नहीं', माही के समर्थन में उतरे रॉबिन उथप्पा

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने महेंद्र सिंह धोनी का समर्थन करते हुए कहा है कि चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए वह परेशानी का कारण नहीं हैं। सीएसके का प्रदर्शन इस सीजन अच्छा नहीं रहा है और उसने लगातार चार मैच गंवाए हैं। अपनी शैली के कारण सीएसके की आलोचना हो रही है। धोनी इस सीजन अधिकतर समय काफी निचले क्रम पर बल्लेबाजी के लिए उतर रहे हैं।



पंजाब किंग्स के खिलाफ धोनी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, इसके बावजूद सीएसके लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। सीएसके ने इस सीजन अब तक पांच मुकाबले खेले हैं जिसमें से सिर्फ एक मैच जीता है और चार में उसे हार मिली है।

**पंजाब के खिलाफ पांचवें नंबर पर उतरे थे धोनी :** पंजाब किंग्स के खिलाफ धोनी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, इसके बावजूद सीएसके लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा। सीएसके ने इस सीजन अब तक पांच मुकाबले खेले हैं जिसमें से सिर्फ एक मैच जीता है और चार में उसे हार मिली है। सीएसके की हार पर राय रखते हुए उथप्पा ने कहा कि चेन्नई में धोनी परेशानी का कारण नहीं है और टीम में बदलाव के साथ ही धोनी ने अपनी जिम्मेदारियां दूसरों को दे दी थी।

उथप्पा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि धोनी में कभी भी इरादे की कमी थी। आईपीएल के बाहर भी मेरा मानना है कि उन्होंने दूसरों को जिम्मेदारी सौंपी है और उन्हें आने वाले वर्षों में क्या उम्मीद करनी है, इसकी स्पष्ट समझ दी थी क्योंकि सीएसके चैंपियनशिप के लिए दावेदार टीम के रूप में फिर से तैयार हो रही थी। टीम में बदलाव हो रहा है और हम चाहते हैं कि धोनी जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं वो थोड़े ऊपरी क्रम में आएं। मुझे नहीं लगता कि वो किसी तरह की परेशानी हैं।

**सीएसके ने चार करोड़ रुपये में किया था रिटेन :** धोनी ने आईपीएल के मौजूदा सीजन में तीन मैचों में बल्लेबाजी की है और 153.73 के स्ट्राइक रेट से 103 रन बनाए हैं। हालांकि, निचले क्रम पर उतरने के कारण पूर्व कप्तान की आलोचना की गई थी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मैच के दौरान वीरेंद्र सहवाग ने मजाकिया अंदाज में था कि धोनी मैच में जल्दी बल्लेबाजी करने के लिए उतर गए हैं। धोनी आईपीएल के पहले सीजन से ही सीएसके के साथ जुड़े हुए हैं। सीएसके ने उन्हें आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी से पहले चार करोड़ रुपये में रिटेन किया था।

# प्रियांश आर्या ने की कप्तान श्रेयस की खुलकर तारीफ

**मुल्लांपुर।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ शतकीय पारी खेलने वाले पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्या ने बताया है कि किस तरह कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ हुई चर्चा से उन्हें मदद मिली। प्रियांश ने मंगलवार को 39 गेंदों पर शतक लगाया। प्रियांश इसके साथ ही आईपीए इतिहास का सबसे तेज शतक लगाने वाले संयुक्त रूप से चौथे बल्लेबाज बन गए थे। प्रियांश ने इस मामले में सनराइडर्स हैदराबाद के ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड की बराबरी कर ली थी जिन्होंने पिछले सीजन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ इतने ही गेंदों पर शतक लगाया था।

**पंजाब ने सीएसके को हराया :** पंजाब ने प्रियांश के शतक से सीएसके को 18 रन से हराया था। मुल्लांपुर में खेले गए इस मुकाबले में पंजाब ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 219 रन बनाए थे। जवाब में सीएसके निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर सिर्फ 201 रन ही बना सकी। प्रियांश ने मुश्किल परिस्थितियों से टीम को उबारा और अपने आईपीएल करियर का पहला शतक जड़ा जिससे पंजाब सीएसके के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखने में सफल रहा था।

**स्वाभाविक खेल खेलना चाहते थे प्रियांश :** प्रियांश ने कहा, मैं अपनी भावनाओं को व्यक्त नहीं कर पा रहा हूं, लेकिन अंदर से मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। पिछले मैच में श्रेयस अय्यर ने अपनी सहज प्रवृत्ति पर भरोसा करने की बात कही थी। उन्होंने मुझे सुझाव दिया कि मैं जिस तरह से खेलना चाहता हूं, वैसा खेलूं। मैं सोच रहा था कि अगर मुझे पहली गेंद शॉट मारने के लिए मिलती है, तो मैं निश्चित रूप से उस पर छक्का मारूंगा। मैं जितना हो सके अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहता था और खुद को सीमित नहीं करना चाहता। उन्होंने कहा, मैं अपनी इस पारी से खुश हूं, लेकिन मैं टीम के लिए और भी योगदान देना चाहता हूं। मेरे लिए इरादा वही रहेगा। जब मैं श्रेयस भईया से बात करता हूं तो वो कहते हैं कि सिर्फ सकारात्मक इरादे से बल्लेबाजी करो। अगर पहली ही गेंद मेरे स्लॉट में आती है तो वह कहते हैं कि पहली गेंद से प्रहार करो। मैं सीएसके के खिलाफ इसी अंदाज में बल्लेबाजी की।



# गेंदबाजी की खामियां दूर करने उतरेंगे गुजरात-राजस्थान

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स बुधवार को जब आईपीएल के मैच में आमने-सामने होंगे तो उनकी निगाह गेंदबाजी की अपनी कमियां दूर करने पर होगी। गुजरात टाइटंस के अभी छह अंक हैं। वहीं, राजस्थान रॉयल्स के चार अंक हैं और वह भी भविष्य में किसी तरह के अगर मगर की स्थिति से बचने के लिए जीत हासिल करना चाहेगी। इन दोनों टीम के कुछ प्रमुख गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और अगर इन टीमों को तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करनी है तो उनके गेंदबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।



**सिराज-किशोर ने किया है अच्छा प्रदर्शन** गुजरात की तरफ से गेंदबाजी में अभी तक तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और स्पिनर आर साई किशोर ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। स्टार स्पिनर राशिद खान और अनुभवी तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा की खराब फॉर्म उसके लिए चिंता का विषय है। टी20 के माहिर खिलाड़ी राशिद ने चार मैचों में सिर्फ एक विकेट लिया है और प्रति ओवर 10 से ज्यादा रन दिए हैं। आईपीएल में यह पहला अवसर है जब अफगानिस्तान के इस खिलाड़ी की शुरूआत अच्छी नहीं रही है। तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा ने भी तीन मैचों में सिर्फ एक विकेट हासिल किया है, जबकि उन्होंने प्रति ओवर 12 रन लुटाए हैं।

**कोएट्जे को मिलेगी जगह ? :** गुजरात के पास कोई विकल्प भी नहीं हैं क्योंकि अरशद खान या फजलहक फारूकी जैसे तेज गेंदबाज वास्तव में प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। गुजरात टीम प्रबंधन राजस्थान के खिलाफ कुछ बदलाव कर सकता है। गेराल्ड कोएट्जे और महिपाल लोमरोर में से किसी खिलाड़ी को प्लेइंग-11 में जगह मिल सकती है। गुजरात का सामना अब राजस्थान के दमदार बल्लेबाजों से होगा जिसमें संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, रियान पराग और नीतीश राणा जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। इन सभी ने 150 से अधिक की स्ट्राइक-रेट से रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने भी पंजाब किंग्स के खिलाफ 67 रन बनाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दे दिए हैं।

**गुजरात की बल्लेबाजी में है ज्यादा गहराई :** गुजरात की तरह राजस्थान की भी सबसे बड़ी चिंता गेंदबाजी है। उसकी तरफ से संदीप शर्मा को छोड़कर कोई भी अन्य गेंदबाज अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाया है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए और टीम को उनसे आगे भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अहमदाबाद में अभी तक बल्लेबाजों की तूती बोली है।

# गर्लफ्रेंड सोफी शाइन के साथ स्पॉट हुए शिखर धवन



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। कई रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि उन्हें एक बार फिर प्यार हो गया है। हालांकि, अब तक दिग्गज की तरफ से इसपर कोई बयान नहीं आया है। इस बीच उन्हें एक बार फिर उसी लड़की के साथ स्पॉट किया गया जिसके साथ उनके रिश्ते की चर्चाएं हो रही हैं।

**साथ में मस्ती करते दिखे सोफी और शिखर :** पिंकविला ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल से साझा किया जिसमें पंजाब किंग्स के पूर्व कप्तान को अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड सोफी शाइन के साथ एयरपोर्ट पर देखा गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों को एक-दूसरे का साथ काफी पसंद आ रहा है। इस दौरान दोनों एक-दूसरे की तरफ देखकर हसते दिख रहे हैं। फैंस को दोनों की केमेस्ट्री काफी पसंद आ रही है और वे जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

**कौन हैं सोफी शाइन ? :**रिपोर्ट के अनुसार, सोफी शाइन आयरलैंड से हैं और एक प्रोडक्ट कंसल्टेंट के तौर पर काम करती हैं। उन्होंने लिमरिक इंस्टीट्यूट से मार्केटिंग और मैनेजमेंट में स्नातक की डिग्री हासिल की है। उन्होंने आयरलैंड के कैसलरॉय कॉलेज से भी पढ़ाई की है।

# पंजाब किंग्स ने सीएसके को 18 रन से हराकर जीत की पटरी पर वापसी की

**नई दिल्ली।** पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए आईपीएल का 18वां सीजन अब तक कुछ खास नहीं रहा है। टीम के पंजाब किंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जो इस सीजन उसकी लगातार चौथी हार है। पंजाब किंग्स ने सीएसके को 18 रन से हराकर जीत की पटरी पर वापसी कर ली। सीएसके ने अब तक पांच मैच खेले हैं और उसे एक मैच में ही जीत मिली है।

दूसरी ओर, पंजाब ने सीएसके पर जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष चार में वापसी कर ली है। पंजाब के चार मैचों में तीन जीत और एक हार के साथ छह अंक हैं और वह चौथे स्थान पर है। मुल्लांपुर में खेले गए इस मुकाबले में पंजाब ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 219 रन बनाए थे। जवाब में सीएसके निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर सिर्फ 201 रन ही बना सकी।



आईपीएल इतिहास में यह चौथी बार है जब सीएसके ने किसी आईपीएल सीजन में लगातार चार मैच गंवाए हैं। उसने 2010, 2022, 2022-23 और अब 2025 सीजन में लगातार चार मैच गंवाए। 2010 में टीम को पंजाब, आरसीबी, मुंबई और राजस्थान से हार मिली थी। वहीं, 2022 में केकेआर, लखनऊ, पंजाब और हैदराबाद ने सीएसके को हराया था। 2022- 23 में मुंबई, गुजरात, राजस्थान और गुजरात ने टीम को मात दी थी।

# आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर अब ग्लेन मैक्सवेल पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इतना ही नहीं, मैक्सवेल में खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। मैक्सवेल ने लेवल-1 के अपराध पर स्वीकार कर लिया है जिस कारण इस मामले में आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी है।

**मैक्सवेल ने स्वीकार किया जुर्माना :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा, पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पर आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के कारण मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही एक डिमेरिट अंक भी दिए हैं। मैक्सवेल ने धारा 2.2 के अंतरगत लेवल-1 के अपराध और मैच रेफरी द्वारा लगाए गए जुमार्ने को स्वीकार किया। लेवल-1 के अपराध के लिए मैच रेफरी का फैसला ही अंतिम होता है।



मैक्सवेल बल्ले और गेंद दोनों से संघर्ष कर रहे हैं। वह सीएसके के खिलाफ मैच के दौरान एक रन बनाकर आउट हुए थे। उन्हें सीएसके के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपना शिकार बनाया था।

मैक्सवेल बल्ले और गेंद दोनों से संघर्ष कर रहे हैं। वह सीएसके के खिलाफ मैच के दौरान एक रन बनाकर आउट हुए थे। उन्हें सीएसके के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने अपना शिकार बनाया था।

# श्रमिकों को जागरूक करने और हित लाभ वितरण के लिए गाजियाबाद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के उप श्रम आयुक्त अनुराग मिश्र बताया कि उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ श्रमिकों को जागरूक किये जाने एवं हित लाभ वितरण हेतु आर० के० वैंक्विट हॉल, जी०टी० रोड, गाजियाबाद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर विधायक संजीव शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुराग मिश्र, उप श्रम आयुक्त, गाजियाबाद ने की।

उप श्रम आयुक्त, गाजियाबाद ने कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिकों को बोर्ड के अंतर्गत संचालित योजनाओं में ऑनलाइन आवेदन किये जाने एवं अधिक से अधिक पंजीयन कराये जाने हेतु अपील की गयी। सहायक श्रम आयुक्त वीरेन्द्र कुमार ने अटल आवासीय विद्यालय योजना के अंतर्गत लाभ लिये जाने हेतु जागरूक किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी संदीप कुमार सिंह ने बोर्ड में पंजीयन कराये जाने की प्रकिया एवं श्रमिकों की पात्रता श्रेणी, बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिकों को दी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहर विधायक संजीव शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिकों को सरकार द्वारा चलायी गयी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लिये जाने हेतु आव्हान किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के सबसे अंतिम पायदान पर खड़े श्रमिक वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। मुख्य अतिथि ने गिग वर्कर्स का भी अधिक से अधिक पंजीयन कराये जाने का आव्हान किया गया।

विधायक संजीव शर्मा ने मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के अन्तर्गत 03, प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना के अन्तर्गत 02, कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत 05 एवं निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना के अन्तर्गत 02 (कुल 12) लाभार्थियों को धनराशि रू० 8,08,000/- (आठ लाख आठ हजार रू० मात्र) का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० रूपाली, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पवन शर्मा, मंण्डल अध्यक्ष, विजय नगर गाजियाबाद, अनुराग मिश्र, उप श्रमायुक्त, वीरेन्द्र कुमार सहायक श्रमायुक्त, संदीप कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, हंस राज, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, डा० रूपाली, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एवं निर्माण साइट वी०वी०आई०पी० से सुभाष भट्टी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अन्त में धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित करते हुए अनुराग मिश्र, उप श्रम आयुक्त, ने कार्यक्रम में उपस्थित निर्माण श्रमिकों से यह अपील की कि यदि उन्हें पंजीकरण कराने में किसी प्रकार की कठिनाई आ रही है, तो कार्यालय उप श्रम आयुक्त, लोहिया नगर, गाजियाबाद में आकर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं।

# हापुड़ में ई रिक्शा चालक की सुए से गोदकर हत्या

## मरने से पहले युवक ने कैमरे पर बताया कातिल का नाम





**हापुड।** हापुड़ के पिलखुवा में रुपये के लेनदेन के विवाद में मंगलवार को 30 वर्षीय ई-रिक्शा चालक की हत्या कर दी। मरने से पहले ई-रिक्शा चालक ने कातिल का नाम भी कैमरे पर बताया। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, हापुड़ जिले के पिलखुवा कोतवाली इलाके में अजय निमेष नाम के युवक की कुछ लोगों ने सुए से गोदकर हत्या कर दी। मरने से पहले युवक ने हत्यारों का नाम बताया। घायल अवस्था में युवक को उसका साथी घर लेकर पहुंचा था, जहां से परिजन उसे अस्पताल ले गए, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

सूचना पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आर्यनगर निवासी मदनपाल ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा अजय निमेष ई रिक्शा चलाता था। मंगलवार की रात 9:30 बजे चंडी मंदिर निवासी नीरज उर्फ भूरा, जो खुद भी ई रिक्शा चालक है, अजय को घायल अवस्था में घर लेकर पहुंचा।

जब परिजनों ने उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि छोटा पबला निवासी ई-रिक्शा चालक व उसके दो अन्य साथियों ने रुपये के लेनदेन के विवाद में उसे जान से मारने की नियत से हमला किया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### इलाज के दौरान अजय की हुई मौत

परिजन उसे तत्काल सरस्वती अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मदनपाल ने बताया कि जब नीरज अजय को घर लेकर आया था और परिजनों ने घटना के बारे में पूछा, तब उनका भतीजा नीरज गौतम भी मौजूद था। उसने अजय से बातचीत का अपने मोबाइल फोन में वीडियो रिकॉर्ड भी किया।

# हिंदू युवा संगठन की छवि खराब करने को लेकर सपा विधानसभा अध्यक्ष पर मुकदमा

**मोदीनगर करंट क्राइम।** हिंदू युवा वाहिनी के खिलाफ सोशल मीडिया पर विडियो वायरल करना एक सपा नेता को काफी महँगा पड़ गया। संगठन की छवि खराब करने का सपा नेता देवव्रत धामा पर आरोप लगाते हुयें उनके विरूद्व निवाडी थाने मे मुकदमा दर्ज किया गया हैं।

इस मामले में निवाडी मंडल के हिंदू युवा वाहनी के ब्लांक अध्यक्ष निशांत त्यागी ने संगठन की छवि धूमिल करने का सपा नेता देवव्रत धामा पर आरोप लगाते हुयें थाने में तहरीर दी। पुलिस ने जांच के उपरांत देवव्रत धामा के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया हैं। संगठन के जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी काकडा ने कहा कि एसे झूठे आरोपो से समाज में सिर्फ भ्रम फैलता है और नफरत का भाव पैदा होता हैं। हिंदू युवा वाहिनी ने इस प्रकरण को लेकर पुलिस से सख्त कार्यवाही की मांग की है। जबकि आरोपी देवव्रत धामा का कहना है कि पूरा प्रकरण पुलिस के संज्ञान में है।

# अलग-अलग स्थानों से नौ वाहन चोर चोरी की नौ मोटरसाइकिलों के साथ गिरफ्तार



**लोनी।** लोनी थानाअकुर विहार पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान चार वाहन चोरों वह गिरफ्तार किया है उनसे चोरी की चार मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पूछताछ में चोरों ने अपने नाम सुमित सागर रोमित नितेश निवासी मुकुंद विहार दिल्ली बताएं पुलिस ने चारों के विरुद्ध कानूनी कर्रवाई कर जेल भेज दिया है।

जबकि तो ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पांच वाहन चोर गिरफ्तार किए हैं उनसे चोरी की पांच मोटरसाइकिल में बरामद हुई है पूछताछ में चोरों ने अपने नाम सुंदर किशन रंजीत एवं विनीत निवासी पांडे चौक के पास रामपार्क थाना ट्रॉनिका सिटी बताएं पुलिस ने पांचो चोरों को जेल भेज दिया है।

# ब्लाक भोजपुर की दर्जनों महिलाऐं अब अपनी आजीविका के लिए पिंक ई-रिक्शा चलाएंगी





**मोदीनगर करंट क्राइम।** गांवों की दर्जनो महिलाऐं अब स्वयंवालबी बनने की ओर कदम बढ़ा रही है। अब वह अपनी आजीविका के लिए पिंक ई-रिक्शा चलाएंगी। सेव अर्थ फाउंडेशन एंव रिजंट लाईटिंग लिमिटेड की तरफ से महिलाओं को पिंक ई-रिक्शा का प्रशिक्षण देने के बाद चाबी सौंपी गई। ब्लाक भोजपुर में महिला सशक्तिकरण के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम के उपरान्त प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 13 महिलाओं को सीडीओं अभिनव गोपाल, विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, ब्लॉंक प्रमुख सुचेता सिंह ने ई-रिक्शाएं वितरित की। मुख्य अतिथि सीडीओ अभिनव गोपाल ने कहा कि स्वरोजगार न केवल आर्थिक मजबूती देता है, बल्कि आत्मसम्मान ओर सामाजिक पहचान भी देता हैं। शासन की योजनाएं तभी सफल होगी जब समाज ओर संगठन मिलकर इन्हे लागू करें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समूह की महिलाओं को आर्थिक स्तर पर ऊपर उठाना हैं। साथ ही महिलाएं अपनी आजीविका के नये रास्ते अपनाकर अपने आर्थिक जीवन में बदलाव ला सकें ओर अपने परिवार का आर्थिक योगदान कर सकें। महिलाएं स्वावलंबन और सशक्तिकरण की ओर बढ सके। विधायक डॉ0 मंजू शिवाच ने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही है। महिला सशक्तिकरण को लेकर यह कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा। ई-रिक्शा एक नई उडान देगी ओर यह यात्रा इन संस्थाओं के माध्यम से ओर आगे बढेगी। सेव अर्थ संस्था के संस्थापक रामवीर तंवर ने कहा कि आज की महिलाएं सिर्फ घर तक सीमित नही हैं, यह पहल इस बात का प्रमाण हैं कि अगर सही अवसर और संसाधन मिले तो महिलांए किसी भी क्षेत्र में आगे निकल सकती हैं। उधर ई-रिक्शा मिलने के बाद गांव भोजपुर की कौशल, उषा, तोडी की राहील, विधापुर की रीतू, बखरवा की दीपा, जंहागीरपुर गांव की पवन देवी, चंद्रवती, अनिसा, रजापुर की मनोज आदि 13 महिलाओं के चेहरे खिल उठे।

# श्री हनुमंत कथा के प्रारंभ से पूर्व कलश यात्रा निकाली

**मोदीनगर करंट क्राइम।** वरिष्ठ नागरिक संस्था समिति व पूर्व सैनिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में होने वाली श्रीहनुमंत कथा के प्रारंभ से पूर्व कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा यहां कथा स्थल से प्रारंभ हो कस्बा रोड, आनंदीपुरा व गुरूद्वारा रोड से होते हुए पुनः कथा स्थल पहुंची। कलश सिर पर धारण कर पीत वस्त्रधारी महिलाओं के साथ अन्य श्रद्धालुजन धार्मिक भजन गाते चल रहे थे। जगह-जगह श्रद्धालु हनुमंत भक्तों ने कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा कर अपनी आस्था का परिचय दिया। कथा व्यास पं0 अरविंद्र भाई ओझा ने प्रथम दिन कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि हरिकथा की सार्थकता तभी है, जब हम हरिकथा के पात्रों के आदर्शो को जीवन में उतारें। आत्मावलोकन करें तथा दूसरों की कमियों अथवा बुराइयों की अपेक्षा अपने भीतर छिपी बुराइयों को जानें व उन्हें दूर करें। श्रीराम के अन्यत्र भक्त मारूति नंदन हनुमान जी का संगीतमय शैली में गुणगान करते हुए ओझा जी ने कहा कि देश में पनप रही आसुरी प्रवृतियों के सफायें के लिए हनुमान जी की भांति हर भारतीय वीर साहसी, धैर्यवान, सच्चा मित्र व परोपकारी बनें तथा समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पित हो। इस अवसर पर संयोजक ब्रजभूषण अग्रवाल, रामेश्वर दयाल गुप्ता, वेदप्रकाश गौड, विजय पाल गुप्ता, देवेंद्र, रामअवतार गोयल, दिनेश शर्मा, अविनाश कंसल, महेश तायल, विरेंद्र गुप्ता, सुनील त्यागी, धीरेंद्र शर्मा, राकेश तोमर, राजपाल कश्यप, पं0 चतुर सैन भारद्वाज, अजय माहेश्वरी एडवोकेट सहित अन्य कई श्रद्धालु श्रोतागण मौजूद थे।

# कक्षा आठ की नाबालिक के साथ मकान मालिक पर दुष्कर्म का आरोप

**मोदीनगर करंट क्राइम।** कक्षा आठ की छात्रा के साथ के दुष्कर्म करने का आरोप एक मकान मालिक पर ही लगा है। छात्रा की मां ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। जनपद मेरठ के एक गांव निवासी महिला परिवर के साथ मोदीनगर की एक कॉलोनी में रहती है। पीड़िता ने बताया कि मेरी पुत्री ने बताया कि बताया कि मकान मालिक दोपहर के समय कोल्डड्रिक एवं चॉकलेट लेकर आता है। छात्रा को मोबाइल फोन में अश्लील विडियो दिखाकर छेड़छाड़ करता है। महिला ने इस बात को नजरअंदाज कर दिया। आरोप है कि विगत फरवरी माह में छात्रा परीक्षा देने स्कूल जा रही थी। रास्ते में आरोपी मकान मालिक ने छात्रा को रोक लिया और हापुड़ रोड स्थित गांव गदाना में अपनी ट्यूबवैल पर ले गया। जहां आरोपी ने छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद दोबारा भी परीक्षा के लिए जाते समय आरोपी उसे जबरन ट्यूबवैल पर ले गया। विरोध करने पर आरोपी ने छात्रा के छोटे भाई को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने घर पहुंचकर मां को आपबीती बताई। जिस पर महिला ने आरोपी की पत्नी और पुत्र से शिकायत की लेकिन, दोनों ने महिला व उसकी पुत्री को गलत ठहराया। महिला ने मकान खाली कर दिया और गुरुद्वारा रोड पर किराए के मकान में रहने लगी। आरोप है कि पिछले दिनों आरोपी व उसके पुत्र ने उसकी पुत्री को जबरन अगवा करने का प्रयास किया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी उसकी और उसके दोनों बच्चों की हत्या करने की फिराक में है। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय का कहना है कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

# भाजपा देहात निवाड़ी मंडल ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**मोदीनगर करंट क्राइम।** भाजपा के मोदीनगर देहात मंडल कस्बा निवाड़ी कार्यालय पर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। पार्टी के मंडल अध्यक्ष सचिन त्यागी ने कहा कि पार्टी अपने उद्देश्यों को पूरा करने में सफल रही है। कार्यकताओं ने जिला से लेकर बूथ स्तर तक भाजपा का झंडा फहराकर कार्यक्रम आयोजित किए। पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस मौके पर पार्टी के किसान मोर्चा संगठन के जिला मंत्री संजय त्यागी, इंद्रजीत लाला, नरेंद्र त्यागी, मंडल अध्यक्ष अरुण त्यागी, सेक्टर संयोजक रजनीश त्यागी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश त्यागी मौजूद रहें।

# अवैध ई-रिक्शा पर कार्रवाई

## 1 अप्रैल से अब तक 255 चालान और 83 ई-रिक्शा किए गए सीज



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में बिना रजिस्ट्रेशन वाले ई-रिक्शा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश सरकार के आदेश पर 1 अप्रैल से शुरू हुआ यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद राय ने बताया कि अभियान के तहत तीन श्रेणियों के ई-रिक्शा पर कार्रवाई की जा रही है। पहला, जिनका रजिस्ट्रेशन नहीं है। दूसरा, जिनका चालक नाबालिग है। तीसरा, जिनके पास पूरे कागजात नहीं हैं। अभियान की शुरूआत से अब तक ट्रैफिक पुलिस ने 255 ई-रिक्शा का चालान किया है। साथ ही 83 ई-रिक्शा को सीज भी किया गया है। पुलिस विशेष रूप से नाबालिग चालकों और अधूरे कागजात वाले वाहनों पर नजर रख रही है। एडीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि ई-रिक्शा संचालन के लिए कोई निर्धारित नीति नहीं है। इस कारण इनके रूट भी तय नहीं किए जा सकते।

# टप्पेबाजी गिरोह के साथ मुठभेड़, चार गिरफ्तार

## दो बदमाशों के लगी गोली, सोने के गहने बरामद



**नोएडा।** मुठभेड़ के बाद घायल बदमाश को अस्पताल ले जाती पुलिस। इसके तीन और साथियों में एक और बदमाश को भी गोली लगी है।

पुलिस की टप्पेबाज गिरोह के बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। इसमें से दो बदमाशों को गोली लगी। इस चारों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही इनका डेटा अन्य राज्यों और जनपदों में भेजा जा रहा है। वहां से इनके अपराध का रिकार्ड मंगवाया जा रहा है।

दो बदमाशों को लगी गोली थाना सेक्टर 113 पुलिस द्वारा एफएनजी भरत हास्पिटल के पास चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान सामने से दो बाइक पर चार लोग आते दिखे। दोनों बाइक सवार को रुकने के लिए इशारा किया गया। वह नहीं रुके और बाइक मोड़ कर ककराला की तरफ भागने लगे। पुलिस ने करीब एक किमी तक पीछा किया। उनमें से एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे वो गिर गए। जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायर करने लगे। पुलिस ने जवाबी कार्यवाही की। इसमें 02 बदमाश गोली लगी।

दो को कांबिंग के बाद किया गिरफ्तार इनकी जिनकी पहचान साजिद अली उर्फ सिकंदर और मोहम्मद अली उर्फ फरान निवासी दिल्ली के हुई है। इन दोनों को गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने बाकी दो अन्य बदमाशों के लिए कांबिंग शुरू की। दोनों अन्य बदमाशों को भी गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान नासिर और राजा अली हुई। ये दोनों भी निजामुद्दीन दिल्ली के रहने वाले है। इनके कब्जे से सोने के 04 कड़े, 01 सोने की चैन व नकली गहने पीली धातु, दो तमंचे .315 बोर दो जिंदा कारतूस व दो खोखा कारतूस बरामद किए गए।

टप्पेबाजी करके लूटते थे गहने इन चारो के पास से की गई बाइक भी चोरी की है। ये टप्पेबाजी गिरोह के सदस्य है। ये चारों बदमाश राह चलते व्यक्तियों खासकर गहने पहनी महिलाओं को बातों में उलझाकर धोखाधड़ी करके असली सोने के जेवर उतरवाकर नकली गहने कागज में लपेटकर दे देते थे। राह चलती महिलाओं से झपटमारी कर चैन छीनने जैसी घटनाओं को अंजाम देते थे।

उक्त चारों बदमाश जगह बदल-बदल कर विभिन्न शहरों व राज्यों में ऐसी घटनाओं को अंजाम देते थे। इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

# पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ हत्यारोपी

## लूटपाट का विरोध करने पर गला दबाकर की थी हत्या, ऑटो चालक गिरफ्तार



**हापुड़।** पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में एक हत्यारोपी को गोली लगी है। घायल बदमाश की पहचान बुलंदशहर के गुलावठी निवासी आमिर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, कारतूस, वारदात में इस्तेमाल किया गया ऑटो और मृतका का आधार कार्ड बरामद किया है। देर रात हुई मुठभेड़ कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह अपनी टीम के साथ अच्छेजा पीर के पास गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शारदा हत्याकांड का आरोपी पिलखुवा की तरफ से आ रहा है। पुलिस ने जब आरोपी को रोकने की कोशिश की तो वह बदनौली की तरफ भागने लगा। पीछा करने पर आरोपी ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली आरोपी के पैर में लगी। लूट का विरोध करने पर हुई थी हत्या सीओ सिटी जितेंद्र शर्मा के अनुसार, आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आमिर ने बताया कि 2 अप्रैल की रात को उसने शारदा को अपने ऑटो में पक्का बाग से बैठाया था। फिर वह उसे दिल्ली रोड स्थित सिनेमा हॉल के पास एक खाली प्लॉट में ले गया। वहां उसने शारदा का सामान छीनने की कोशिश की। शारदा ने विरोध किया तो दोनों में हाथापाई हुई। गुस्से में आकर आमिर ने शारदा का गला दबाकर हत्या कर दी और शव को प्लॉट में फेंककर फरार हो गया था।

# तीन घंटे के विशेष अभियान में शराब पीने वाले 530 लोग गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान शराब की दुकानों के पास और सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीते हुए 530 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। इनका मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 234 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 68, विजयनगर से 52, सिहानी गेट से 30, नंदग्राम से 37, कवि नगर से 22 और मधुबन बापूधाम से 25 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 141 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें लोनी से 21, ट्रॉनिका सिटी और अंकुर विहार से 10-10, लोनी बॉर्डर से 15, मसूरी से 11, मुरादनगर से 23, मोदीनगर और निवाड़ी से 3-3, भोजपुर से 10, वेव सिटी से 6 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 29 लोग शामिल हैं। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि इसी तरीके से ट्रांस हिंडन क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 155 लोगों को पकड़ा गया। इनमें से थाना इंदिरापुरम से 22 कौशांबी से 21 खोड़ा से 21 साहिबाबाद से 25 लिंक रोड से 20 शालीमार गार्डन से 21 और टीला मोड़ से 25 लोगों को पकड़ के थाना लाया गया और मेडिकल करवा के 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# स्लोवाकिया पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

# राष्ट्रपति महल में हुआ औपचारिक स्वागत

**बीजिंग।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बुधवार को स्लोवाक गणराज्य के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को अपनी दो-राष्ट्र राजकीय यात्रा के दूसरे चरण में यहां पहुंचीं, वह स्लोवाक गणराज्य की यात्रा करने वाली दूसरी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष बन गईं।



### ब्रेड और नमक के साथ राष्ट्रपति का स्लोवाक स्वागत

राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'स्लोवाक गणराज्य के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया। लोक परिधान पहने एक जोड़े ने उन्हें रोटी और नमक देकर पारंपरिक स्लोवाक स्वागत किया। राष्ट्रपति का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ औपचारिक स्वागत किया गया।' यह प्राचीन परंपरा विभिन्न विशेष अवसरों पर विशिष्ट अतिथियों के लिए आतिथ्य, मित्रता और सम्मान के प्रतीक के रूप में प्रतीकात्मक रूप से निभाई जाती है।

**प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी राष्ट्रपति :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति भवन पहुंचीं। स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और गार्ड ऑफ ऑनर के साथ औपचारिक स्वागत किया। यह लगभग तीन दशकों में भारत से स्लोवाकिया की पहली राष्ट्रपति यात्रा है।' स्लोवाकिया में अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान, राष्ट्रपति मुर्मू प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगी और प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको और राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष रिचर्ड रासी से मुलाकात करेंगी। इस यात्रा के दौरान कई समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए जाएंगे।

### भारत और स्लोवाकिया से गहरे संबंध

बता दें कि, पिछली बार किसी भारतीय राष्ट्रपति ने 29 साल पहले स्लोवाकिया का दौरा किया था। राष्ट्रपति मुर्मू मध्य यूरोपीय देश का दौरा करने वाले दूसरे भारतीय राष्ट्रपति बन गई हैं। विदेश मंत्रालय के सचिव पश्चिम तन्मय लाल ने 4 अप्रैल को एक मीडिया ब्रीफिंग में बताया था कि, 'स्लोवाकिया में विशेष रूप से संस्कृत अध्ययन के साथ गहरे संबंध हैं। महात्मा गांधी की रचनाओं का स्लोवाक में अनुवाद किया गया है, और स्लोवाकिया ने 2022 में यूक्रेन से भारतीय छात्रों को निकालने के दौरान बहुमूल्य सहायता प्रदान की'।

# म्यांमार आपदा में भारत की मदद की संयुक्त राष्ट्र ने जमकर की तारीफ

**मांडले।** संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने म्यांमार की मदद के लिए भारत की तारीफ की है। उन्होंने कहा- म्यांमार में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने जिस तेजी और प्रभावी तरीके से सहायता पहुंचाई है, उसने उसे एक प्रमुख मानवतावादी सहयोगी के रूप में स्थापित कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय के लिए कार्यालय (ओसीएचए) के म्यांमार प्रमुख सज्जाद मोहम्मद सज्जाद ने कहा कि भारत ने 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत तेजी से मदद पहुंचाई है, जिसमें 1,000 मीट्रिक टन से ज्यादा राहत सामग्रीझ जैसे खाना, दवाएं और फील्ड हॉस्पिटल झ भेजा गया।





**म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप :** 28 मार्च को म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसका केंद्र मंडाले के पास था। अब तक की रिपोर्ट के अनुसार, इस विनाशकारी भूकंप में 3,500 से अधिक लोग मारे गए हैं और 5,000 से ज्यादा लोग घायल हैं। जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। इसकी वजह से 1.7 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं, वहीं 90 लाख लोगों ने भूकंप के सबसे तेज झटके महसूस किए।

**भारत की तेज मदद बनी जीवन रेखा :** यूएन के अधिकारी सज्जाद ने कहा कि भारत की त्वरित मदद से खासतौर पर मंडाले जैसे शहरी इलाकों में लोगों को बड़ी राहत मिली है। भारत ने 200 सदस्यों की एक सर्च और रेस्क्यू टीम व डॉक्टरों की टीम भी भेजी है। मांडले में भारत की तरफ से लगाया गया फील्ड हॉस्पिटल खास तौर पर जरूरी साबित हो रहा है क्योंकि वहां के कई अस्पताल और ऑपरेशन थिएटर अब भी काम नहीं कर रहे हैं।उन्होंने कहा, 'जब स्थानीय स्वास्थ्य सेवाएं ठप हों, तब इस तरह का फील्ड हॉस्पिटल बहुत अहम होता है।'

**बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान :** भूकंप से म्यांमार के 330 में से 58 शहरी इलाके प्रभावित हुए हैं। साथ ही कई सड़कें, पुल और हवाई अड्डे भी टूट गए हैं, जिससे राहत कार्यों में देरी हो रही है। मांडले और सगाइंग को जोड़ने वाला नया पुल टूट गया है, और पुराना पुल अब सीमित भार के साथ ही चालू है।

**भारत की अनुभवशीलता बनी मिसाल :** सज्जाद ने कहा कि भारत के पास गुजरात और कश्मीर में आए भूकंपों के बाद पुनर्निर्माण का बेहतरीन अनुभव है, जिससे म्यांमार को बहुत कुछ सीखने को मिल सकता है।

# रूस ने प्रधानमंत्री मोदी को विजय दिवस परेड के लिए किया आमंत्रित

**रूस की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नौ मई को विजय दिवस परेड कार्यक्रम के लिए न्योता भेजा गया है। इसकी जानकारी देते हुए उप विदेश मंत्री एंड्री रुडेंको ने कहा- हमें उम्मीद है इस कार्यक्रम में भारतीय प्रधानमंत्री शामिल होंगे।**




**मास्को।** रूस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर विजय की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर 9 मई को आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। इसकी जानकारी उप विदेश मंत्री एंड्री रुडेंको ने दी है। वहीं मास्को को उम्मीद है कि 9 मई की परेड में भारतीय प्रधानमंत्री शामिल होंगे। रूसी समाचार एजेंसी ने उप विदेश मंत्री के हवाले से कहा कि निमंत्रण पहले ही भेजा जा चुका है और यात्रा की योजना बनाई जा रही है।

**कई मित्र देशों के नेताओं को आमंत्रण :** एंड्री रुडेंको ने मंगलवार को कहा, 'इस पर काम किया जा रहा है, यह इस साल होना चाहिए। उन्हें निमंत्रण मिला है।' रूस ने इस साल की विजय दिवस परेड में शामिल होने के लिए कई मित्र देशों के नेताओं को भी आमंत्रित किया है। जनवरी 1945 में, सोवियत सेना ने जर्मनी के खिलाफ आक्रमण शुरू किया। 9 मई को कमांडर-इन-चीफ ने जर्मनी के बिना शर्त आत्मसमर्पण के अधिनियम पर हस्ताक्षर किए, जिससे युद्ध समाप्त हो गया।

**पीएम मोदी ने जुलाई 2024 में किया था रूस का दौरा :** प्रधानमंत्री मोदी ने जुलाई 2024 में रूस का दौरा किया था, जो लगभग पांच वर्षों में रूस का उनका पहली दौरा था। उन्होंने 2019 में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए सुदूर पूर्वी शहर व्लादिवोस्तोक का दौरा किया था।

पिछली यात्रा के दौरान, पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को भारत आने का निमंत्रण दिया था। पुतिन ने पहले ही भारत आने के लिए पीएम मोदी के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है।

### यात्रा की तारीखों का अभी खुलासा नहीं

हालांकि, रूस के राष्ट्रपति की यात्रा की तारीखों का अभी खुलासा नहीं किया गया है। पुतिन और मोदी नियमित संपर्क बनाए रखते हैं, हर दो महीने में एक बार टेलीफोन पर बातचीत करते हैं। खासकर अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के दौरान दोनों नेता व्यक्तिगत रूप से भी मिलते हैं।

# ट्रंप बोले- 'टैरिफ की मार झेल देश समझौते के लिए कर रहे मिन्नतें, फार्मा सेक्टर पर भी लगेगा टैरिफ'

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि अमेरिकी टैरिफ से प्रभावित दुनिया के तमाम देश उनके साथ बातचीत करने और सौदे करने के लिए उत्सुक हैं, उन्होंने समझौता हासिल करने के लिए कुछ भी करने की पेशकश की। नेशनल रिपब्लिकन कांग्रेसनल कमेटी में बोलते हुए, ट्रंप ने कहा कि वे कांग्रेस से बेहतर वातार्कार हैं। ट्रंप ने कहा, 'मैं आपको बता रहा हूं- ये देश हमसे बातचीत करने के लिए बेताब हैं, वे सौदा करने के लिए बेताब हैं, और कह रहे हैं 'कृपया सर सौदा करें, मैं कुछ भी करूंगा'।



### ट्रंप ने कांग्रेस पर साधा निशाना

ट्रंप ने कहा कि कुछ रिपब्लिकन सांसद (जो उनके ही दल से हैं) यह चाहते हैं कि टैरिफ पर बातचीत की जिम्मेदारी कांग्रेस को दी जाए। लेकिन ट्रंप इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अगर बातचीत की कमान कांग्रेस के हाथ में होती, तो चीन पर 104% का टैरिफ कभी नहीं लगता। उन्होंने कहा, 'कुछ बागी रिपब्लिकन नेता कहते हैं कि कांग्रेस को टैरिफ डील करनी चाहिए। लेकिन मैं कहता हूं, वो वैसी डील नहीं कर सकते जैसी मैं कर सकता हूं। अगर ऐसा होता, तो चीन सबसे ज्यादा खुश होता, क्योंकि तब वो 0% टैरिफ देता और उल्टा हम उसे 104% देते!'

### ट्रंप ने फार्मा पर टैरिफ का किया एलान

ट्रंप ने फार्मास्यूटिकल क्षेत्र पर महत्वपूर्ण टैरिफ लगाने की योजना की भी घोषणा की, जिसका उद्देश्य कंपनियों को अमेरिका में विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। ट्रंप ने कहा, 'फार्मा पर टैरिफ इसलिए लगाया जाएगा क्योंकि हम दवाएं नहीं बनाते हैं; वे दूसरे देश में बनती हैं। अमेरिका में उसी पैकेट की कीमत 10 अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक है। हम फार्मा पर इस तरह से टैरिफ लगाने जा रहे हैं कि कंपनियां बहुत जल्द हमारे पास दौड़ी चली आएंगी। हमारे पास जो फायदा है, वह यह है कि हम बहुत बड़े बाजार हैं।

बहुत जल्द, फार्मा पर एक बड़ा टैरिफ घोषित किया जाएगा, और जब ये कंपनियां यह सुनेंगी, तो वे चीन और अन्य देशों को छोड़ देंगी क्योंकि उनके अधिकांश उत्पाद यहां बेचे जाते हैं। और, वे यहां अपने संयंत्र खोलेंगे'।

### मस्क-नवारो विवाद पर व्हाइट हाउस की प्रतिक्रिया

ट्रंप के दो सबसे भरोसेमंद लोग- एलन मस्क और व्यापार सलाहकार पीटर नवारो - अमेरिकी राष्ट्रपति के पारस्परिक टैरिफ को लेकर एक-दूसरे से सहमत नहीं हैं।

उन्होंने सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे पर निशाना साधा है। वहीं इसे लेकर पूछे गए सवाल पर व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा- 'लड़के तो लड़के ही रहेंगे'। उनकी यह टिप्पणी मस्क की तरफ से टेस्ला की आलोचना और ट्रंप के व्यापक नए टैरिफ के समर्थन को लेकर नवारो की आलोचना करने के बाद आई है।

कैरोलिन लेविट ने एक ब्रीफिंग के दौरान कहा, 'ये स्पष्ट रूप से दो व्यक्ति हैं जिनके व्यापार और टैरिफ पर बहुत अलग-अलग विचार हैं।' 'लड़के तो लड़के ही रहेंगे और हम उनकी सार्वजनिक बहस जारी रहने देंगे। और आप सभी को बहुत आभारी होना चाहिए कि हमारे पास इतिहास का सबसे पारदर्शी प्रशासन है।'

# चीन के नर्सिंग होम में लगी भीषण आग, 20 लोगों की मौत




**बीजिंग।** उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत में एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई। आग मंगलवार रात करीब 9 बजे चेंगडे शहर के लोंगहुआ काउंटी में लगी। बुधवार सुबह तक कुल 20 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

### क्या है मामला?

स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत में एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 बुजुर्गों की मौत हो गई। मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) रात करीब 9 बजे चेंग्दे शहर के लोंगहुआ काउंटी में जब आग लगी, तब इमारत में कुल 39 बुजुर्ग रह रहे थे। रात करीब 11 बजे आग पर काबू पाया जा सका। अब तक कुल 20 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 19 को जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है।

**नर्सिंग होम के प्रभारी शख्स को हिरासत में लिया गया :** पुलिस ने नर्सिंग होम के प्रभारी शख्स को हिरासत में ले लिया है। रिपोर्ट में कहा गया कि आग लगने के कारणों की अभी भी जांच की जा रही है। सार्वजनिक रिकॉर्ड के आधार पर 300 बिस्तरों वाले गुओन सीनियर होम में आग लगने के समय 260 बुजुर्ग रह रहे थे। इनमें से 98 लोग पूरी तरह से दिव्यांग थे और 84 को आंशिक दिव्यांग बताया गया। रिकॉर्ड के मुताबिक, 78 लोग पूरी तरह से ठीक थे।

### जनवरी 2024 में हुए हादसे में गई थी 39 लोगों की जान

लाइसेंसिंग रिकॉर्ड के अनुसार, नर्सिंग होम में बुजुर्गों और विकलांगों के लिए आवास, भोजन और डेकेयर मुहैया कराने का किया जाता था। इससे पहले अक्तूबर में 50 से अधिक अधिकारियों को एक मामले में सजा सुनाई गई थी, क्योंकि उन्हें जनवरी 2024 में दक्षिण-पूर्वी प्रांत जियांग्शी के शिनयू शहर में एक इमारत परिसर में लगी आग के लिए जिम्मेदार पाया गया था। हादसे में 39 लोगों की मौत हो गई थी और नौ लोग घायल हो गए थे।

# जल्द भारत लाया जाएगा मानवता का कातिल आरोपी तहव्वुर राणा

## अमेरिका में कागजी कार्रवाई तेज, 26 नवंबर 2008 को हुआ था मुंबई आतंकी हमला

जल्द भारत लाया जाएगा मुंबई आतंकी हमले का आरोपी तहव्वुर राणा; अमेरिका में कागजी कार्रवाई तेज

मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को अमेरिका से जल्द ही भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। भारत से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, भारत से जांच एजेंसियों की टीम अमेरिका पहुंच गई है। टीम अमेरिकी अधिकारियों के साथ सभी कागजी कार्रवाई और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने में जुटी है। सूत्रों के मुताबिक, बहुत अधिक संभावना है कि तहव्वुर राणा जल्द ही प्रत्यर्पित किया जा सकता है। यह भी पता चला है कि राणा बुधवार को भारत नहीं आ रहा है और प्रत्यर्पण प्रक्रिया पर काम चल रहा है।

भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ

इससे पहले पिछले महीने ही आतंकी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया था। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने तहव्वुर की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें उसने भारत प्रत्यर्पण के फैसले पर रोक लगाने की मांग की थी। उसने दलील दी थी कि अगर उसे भारत प्रत्यर्पित कर दिया जाता है तो वहां उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा सकता है।

**तहव्वुर का हर पैंतरा फेल :** इससे पहले तहव्वुर राणा ने अपने भारत प्रत्यर्पण से बचने के लिए नई चाल चली थी। राणा ने अपने प्रत्यर्पण पर रोक लगाने के लिए अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट में आपातकालीन याचिका दायर की थी। आवेदन में उसने दावा किया था कि वह पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम है, इसलिए भारत में उसे प्रताड़ित किया जाएगा, लिहाजा उसके प्रत्यर्पण पर रोक लगाई जाए। रणा ने अपने खराब स्वास्थ्य का भी हवाला दिया था।



**लॉस एंजिलिस के ट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया :** किस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक राणा (64) को फिलहाल लॉस एंजिलिस के एक मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। तहव्वुर राणा 26/11 हमलों के मुख्य साजिशकताओं में से एक पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकी डेविड कोलमैन हेडली का करीबी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने पिछले महीने राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी।

**ट्रंप ने किया था एलान :** अमेरिकी यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में बोलते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया था कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मेरे प्रशासन ने दुनिया के सबसे बुरे लोगों और मुंबई आतंकी हमले के साजिशकताओं में से एक को भारत में न्यायिक प्रक्रिया का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने को मंजूरी दे दी है। इसलिए भारत वापस जा रहा है।

**सुप्रीम कोर्ट ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी थी :** इससे पहले जनवरी में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी थी, क्योंकि कोर्ट ने मामले में उसकी समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया था। भारत ने पिछले महीने कहा था कि वह तहव्वुर राणा के जल्द प्रत्यर्पण के लिए अमेरिकी अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था, 'अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 21 जनवरी को आरोपी की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। हम अब मुंबई आतंकी हमले के आरोपी को भारत में जल्द प्रत्यर्पित करने के लिए प्रक्रियात्मक मुद्दों पर अमेरिकी पक्ष के साथ काम कर रहे हैं।'

26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकियों के एक समूह ने अरब सागर में समुद्री मार्ग के जरिए भारत की वित्तीय राजधानी में घुसने के बाद एक रेलवे स्टेशन, दो होटलों और एक यहूदी केंद्र पर हमला किया था। लगभग 60 घंटे तक चले इस हमले में 166 लोग मारे गए थे, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था।

हमले के बाद आतंकी अजमल आमिर कसाब को जिंदा पकड़ लिया गया था। नवंबर 2012 में अजमल आमिर कसाब को पुणे की यरवदा जेल में फांसी पर लटका दिया गया था।

# कनाडा के चुनावी मैदान में पहली बार उतरे गुजराती, पहले पंजाबियों का था बोलबाला

**टोरंटो।** कनाडा में इस महीने होने वाले 45वें संघीय चुनाव में भारतीय मूल के चार गुजराती उम्मीदवार पहली बार चुनावी मैदान में हैं। इससे पहले तक कनाडाई राजनीति में पंजाबी समुदाय का ही बोलबाला था, लेकिन अब गुजराती भी राजनीति में अपनी पहचान बना रहे हैं। गुजराती समुदाय से जयेश ब्रह्मभट्ट, सुंजीव रावल, अशोक पटेल और मिनेश पटेल इस बार चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें से दो उम्मीदवार पार्टी टिकट पर और दो निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मैदान में उतरे हैं।




**ये गुजराती उम्मीदवार लड़ रहे चुनाव :** जयेश ब्रह्मभट्ट (ब्रैम्पटन चिंगुएकौसी पार्क) - जयेश साल 2001 में भारत से कनाडा आए थे। पेशे से सिविल इंजीनियर हैं और अब एक सफल रियल एस्टेट कारोबारी हैं। अब पीपल्स पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। उनका कहना है, 'हम स्वतंत्रता, जिम्मेदारी, और सभी के लिए सम्मान की बात करते हैं। मुझे लोगों से अच्छा समर्थन मिल रहा है। बदलाव की उम्मीद है।'

सुंजीव रावल (कैलगरी मिदनापुर) - सुंजीव रावल पिछले 20 साल से कनाडा में हैं और खुद का बिजनेस चलाते हैं। वह कई भारतीय संगठनों से जुड़े हुए हैं और सामुदायिक कार्यों में सक्रिय हैं। उनका कहना है, 'हम मध्यम वर्ग के मुद्दों - जैसे महंगाई, मकान, और रोजगार - पर लड़ रहे हैं। इमिग्रेशन को भी संतुलित करने की जरूरत है।'

# जस्टिन टूडो के पद से हटते ही बदला माहौल

## रामनवमी पर मंदिर जा पहुंचे कनाडाई पीएम कार्नी

**टोरंटो।** पूर्व कनाडाई पीएम जस्टिन टूडो के हटते ही कनाडा का माहौल बदला-बदला दिखाई दे रहा है। रामनवमी पर कनाडा के नए पीएम मार्क कार्नी टोरंटो स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे। कनाडा में हिंदू विरोधी माहौल के बाद पीएम का रामनवमी पर हिंदू मंदिर में जाना मायने रखता है। कार्नी ने एक पोस्ट में लिखा, रामनवमी उत्सव के मौके पर मैं स्वामीनारायण मंदिर टोरंटो में हिंदू समुदाय के लोगों के साथ शामिल हुआ। अपनी संस्कृति और परंपरा को हमारे साथ साझा करने के लिए आपका बहुत-बहुत आभार। रामनवमी की शुभकामनाएं। बता दें कि इस उत्सव में प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए वहां पहले से ही कैबिनेट मंत्री अनीता आनंद मौजूद थीं। कार्नी की कैबिनेट में दो भारतवंशी महिलाओं को भी जगह मिली है।



**कौन हैं मार्क कार्नी :** मार्क कार्नी एक बैंकर और अर्थशास्त्री हैं। वे साल 2008 में बैंक ऑफ कनाडा के गवर्नर भी रह चुके हैं। कनाडा को मंदी से निकालने के लिए उन्होंने जो कदम उठाए थे, उससे प्रभावित होकर ही उन्हें साल 2013 में बैंक ऑफ इंग्लैंड का गवर्नर बनाया गया था। कार्नी की नियुक्ति ऐसे समय हुई, जब कनाडा, अमेरिका के साथ टैरिफ युद्ध में उलझना शुरू हुआ और उसकी आर्थिक स्थिति भी खराब है। कार्नी को ट्रंप विरोधी माना जाता है और उन्होंने ट्रंप के कनाडा पर टैरिफ लगाने के फैसले की कड़ी आलोचना की थी।

# भाजपा की प्रदर्शनी में दिखी संघर्ष से सत्ता की गाथा और राष्ट्रवादी कार्यप्रणाली की झलकियाँ





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में नेहरू नगर स्थित कार्यालय पर भाजपा के राजनीतिक लोकतांत्रिक सफर की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने किया। प्रदर्शनी में भारतीय जनता पार्टी के उदय स्थापना 6 अप्रैल 1980 से अब तक ऐतिहासिक भाजपा की सफल यात्रा का प्रदर्शनी के रूप में अवलोकन किया गया। अवलोकन के दौरान भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा भाजपा का राष्ट्रवादी गौरवशाली इतिहास की झलकियाँ इस प्रदर्शनी के द्वारा पूरे देश में कार्यालयों पर प्रदर्शित की जा रही है। इनमें डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय एकात्मवाद दर्शन गाथा, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार द्वारा पोखरण परमाणु परीक्षण आदि की प्रदर्शनी का मूलाधार है।

प्रदर्शनी के माध्यम से भाजपा के संघर्ष की गाथा को बताने का प्रयास किया गया है जिससे कार्यकर्ता भी जाने भाजपा अन्य पार्टियों से भिन्न है। प्रदर्शनी से यह स्पष्ट संदेश देने का काम किया गया है कि भाजपा राष्ट्रवाद से जुड़ा दल है बल्कि अन्य दल परिवारबाद से ऊपर उभर ही नहीं पाए। प्रदर्शनी में पोखरण विस्फोट कर दुनिया में देश का गौरव का एहसास, कारगिल युद्ध का विजय की चित्रावली, मोदी जी के कार्यकाल में मजबूत सशक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत के साथ ऐतिहासिक राम मंदिर, अनुच्छेद 370 , सीएए, तीन तलाक आदि प्रमुख बातों की महाकुंभ का सफल आयोजन प्रमुखरूप से प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए गए हैं। उन्होंने कहा आज देश में मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और प्रदेश योगी के नेतृत्व में सुशासन सेवा समर्पण भाव से सभी वर्गों के कार्य कर विकास कार्य कर रही है। इस दौरान महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि इस प्रदर्शनी से भाजपा के संघर्षों और देश हित के ऐतिहासिक विषयों के विषय में कार्यकताओं को पता रहे हमारी पार्टी की विचारधारा राष्ट्रवादी विचारधारा है । हमारे लिये राष्ट्र सर्वोपरि हैं।

उसके लिये ही भाजपा कार्यकर्ता कार्य करता है । इस अवसर पर मुख्यरूप से अमरदत्त शर्मा, साहिब सिंह, सिरोही, सुभाष शर्मा, बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, तरुण शर्मा, कामेश्वर त्यागी, संजीव चौधरी, सुरेन्द्र नागर, प्रीति चंद्रा, बी एल गौतम, अश्वनी शर्मा, प्रदीप चौधरी, करण शर्मा, अभिनव जैन, अमित रंजन, बलप्रीत सिंह, हरमीत बक्शी, जय कमल अग्रवाल , रॉबिन तोमर, लेखराज माहौर, सचिन डेढ़ा, अमित प्रताप सिंह , नीरज त्यागी, राहुल तोमर, विनीत शर्मा, सुधीर त्यागी, मोनू त्यागी, अंकुश अरोड़ा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता प्रदर्शनी देखने के लिए पहुंचे।

# जिलाध्यक्ष ओ पी तेवतिया की अध्यक्षता में विद्युत पेंशनर्स परिषद की सभा सम्पन्न





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सोमवार 7 अप्रैल को विद्युत पेंशनर्स परिषद गाजियाबाद की एक आम सभा जनपद अध्यक्ष ओ पी तेवतिया की अध्यक्षता में अग्रसेन वाटिका में हुई। सभा का संचालन जनपद सचिव चंद्र शेखर शर्मा ने किया। सभा में सदस्यों ने समस्याओं पर चर्चा की गई। इनमें बहुमंजली इमारतों में बिलों का समायोजन किया जाना, पेंशन खंडों द्वारा चिकित्सा भत्ता का भुगतान समय पर न किया जाना आदि समस्याऐं प्रमुख रहीं। उ० प्र० पॉवर कॉरपोरेशन के निजीकरण पर कर्मचारियों के हितों खिलाफ जिस तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं उससे कर्मचारी संगठनों में घोर रोष व्याप्त है और वह आंदोलन का रास्ता अपना कर संघर्षरत हैं। वहीं पावर कॉरपोरेशन के प्रबंधन और सरकार द्वारा कर्मचारी संगठनों के मध्य जनवरी 2000 में हुए लिखित समझौते में स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि कर्मचारियों को जो सुविधाएं विभाग द्वारा दी जा रही हैं उनमें किसी भी प्रकार से कोई कटौती या कम नहीं की जाएगी। आज इसका विभाग खुला उल्लंघन कर रहा है। विभाग द्वारा जो टैरिफ घोषित की गई है उसमें विभागीय टैरिफ को कहीं कोई उल्लेख ही नहीं किया गया है। वहीं कर्मचारियों और पेंशनरों के आवासों पर स्मार्ट मीटर लगाने आदेशों पर जले पर नमक छिड़कने का काम कर आक्रोश को और हवा दी है। सभा में भारी संख्या में उपस्थित होकर लोगों ने कॉरपोरेशन के कृत्य पर घोर रोष व्यक्त किया। सरकार और कॉरपोरेशन के कर्मचारी और पेंशनरों के हितों के विपरीत माना और कहा कि समझौते की विश्वसनीयता बनाए रखना सरकार और कॉरपोरेशन जिम्मेदारी है जिसे हर हाल बनाए रखना चाहिए।

# वेस्ट बंगाल में वक्फ संशोधन बिल पर हिंसा ममता राज में निरंकुश उपद्रवी तत्वों का आतंक चिंताजनक : अशोक कुमार गोयल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आम गरीब पिछले दलित कमजोर महिलाओ एवं बच्चों के लिए मुस्लिम वर्ग में सामाजिक न्याय की नई उम्मीद वाले कल्याणकारी वक्फ संशोधन बिल के विरोध में कट्टर पंथी बयान न्यायसम्मत नहीं है। बिल अब राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद विधिवत कानून बन चुका है। न्यायालय में कुछ मामले दर्ज हुए हैं। कश्मीर एवं वेस्ट बंगाल सहित कुछ प्रदेशों में विरोध प्रदर्शन हुए बल के समर्थन में भी लोग सामने आए हैं। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद एवं जंगीपुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में हिंसा की घटनाएं हुई है वहां धारा 163 लागू हुई है। इंटरनेट बंद है। राज्यपाल ने बंगाल सरकार से रिपोर्ट मांगी है। मुझे भी व्यक्तिगत रूप से सन 1979 के बाद 2007 तक व्यापारिक वर्षों तक बंगाल के इन क्षेत्रों में विशेष रूप से बीरभूम मुर्शिदाबाद बहरामपुर खगड़ा जंगीपुर रघुनाथगंज औरंगाबाद धूलियान कालियाचक मालदा से दिनाजपुर होकर किशनगंज बिहार इस्लामपुर से जलपाईगुड़ी कूच बिहार तक जाने का अवसर मिला है।

बंगाल भारत का हिस्सा है। ममता दीदी का राजनीतिक संरक्षण जरूर वहां कुछ तत्वों को मिलता हो , लेकिन वहां के आम बंगाली जन की राष्ट्रवादी सोच एवं देशभक्ति पर कोई संशय नहीं किया जा सकता। 2013 में तुष्टिकरण की राजनीति के वशीभूत गलत निर्णय का लाभ आम मुस्लिम समाज को न मिल कर अवैध कब्जा करने वालों को मिला है। अनेकों गलत दावे सामने आए। जो किसी भी तरह न्याय संगत नहीं है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर शालीमार गार्डन में शोभायात्रा एवं भंडारे का होगा आयोजन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर त्रिवेणी धाम मंदिर, सी ब्लॉक शालीमार गार्डन में 12 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को शाम 5:00 बजे से एक भव्य एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह शोभायात्रा त्रिवेणी धाम मंदिर से प्रारंभ होकर गौड़ प्लाजा शिव चौक थाना शालीमार गार्डन गुरुद्वारा रोड रोज पार्क, गेट नंबर 9, दयानंद पार्क, ए-ब्लॉक राम वाटिका, पन्नू चौक, राधा कृष्ण मंदिर, एकता पार्क, बी-ब्लॉक होते हुए पुनः त्रिवेणी धाम मंदिर पर आकर सम्पन्न होगी। मीडिया प्रभारी प्रतीक माथुर ने बताया इस शोभायात्रा की विशेषता खाटू श्याम की भव्य छवि, राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकी, शिव तांडव का जीवंत प्रदर्शन, हनुमानजी की झांकी एवं राम दरबार दर्शन माँ काली का रौद्र स्वरूप राजस्थानी सांस्कृतिक बैंड एवं अन्य लोक बैंड-बाजे रहेंगे। हरीश गौड़ ने बताया कार्यक्रम के समापन पर त्रिवेणी धाम मंदिर परिसर में विशाल भंडारा वितरण का आयोजन भी किया जाएगा जिसमे सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। सम्पूर्ण क्षेत्रवासियों से अनुरोध किया गया है कि परिवार सहित पधारें और इस पुण्य अवसर पर सहभागी बनकर धर्म और संस्कृति से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त करें। इस अवसर पर पार्षद राहुल शर्मा, श्याम शर्मा, आलोक प्रदर्शनी, आशीष बंसल, प्रवीन शर्मा, सुनील त्यागी, हरीश गौड़ मीडिया प्रभारी, प्रतीक माथुर उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में महंगाई और बेरोजगारी टैक्स बढ़ोतरी से पीड़ित है देश की जनता : जेके गॉड



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** प्रदेश अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ व वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता जे के गॉड ने बताया कि भाजपा सरकार में महंगाई और बेरोजगारी से देश की गरीब जनता पीड़ित है।

भाजपा सरकार महंगाई और बेरोजगारी जैसे आवश्यक मुद्दों पर बात नहीं करती। इसके विपरीत हिंदू, मुस्लिम जैसे भड़काऊ और व्यर्थ के मुद्दों की चर्चा करके देश की जनता को गुमराह करके पूरी तरह से लूटना चाहती है। सरकार ने एलपीजी सिलेंडर पर रूपये 50 और पेट्रोल डीजल की कीमतों पर रूपये 2 बढ़ाकर अपनी मनसा को स्पष्ट किया है। भाजपा सरकार में देश की गरीब जनता का शोषण शुरू से ही होता आया है और अब यह चरम पर है।

# समाजवादी महिला सभा की महिलाओं ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के खिलाफ किया प्रदर्शन







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी महिला सभा महानगर अध्यक्ष किरण कालिया के नेतृत्व में समाजवादी महिला सभा की महिलाओं ने बुधवार को आरडीसी राजनगर में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के खिलाफ प्रदर्शन किया।

रेखा गुप्ता ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया था। महिलायें रेखा गुप्ता से मयार्दाहीन शब्दों का प्रयोग करने के लिए माफी माँगने के लिए विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि रेखा गुप्ता शर्म करो। रेखा गुप्ता इस्तीफा दो। रेखा गुप्ता माफी मांगों की तख्तियां हाथ में लेकर अखिलेश यादव के अपमान के विरोध में महिला सभा महानगर कार्यकारिणी ने विरोध प्रदर्शन किया। इस विरोध प्रदर्शन में किरण कालिया महानगर अध्यक्ष महिला सभा, राज देवी चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष महिला सभा, मधु चौधरी प्रदेश महासचिव महिला सभा, अंजू वेद महानगर कोषाध्यक्ष, शोभा देवी, कुसुम देवी, नीलम महानगर उपाध्यक्ष, महिला सभा इंदिरा सिंह, महानगर महासचिव महिला सभा मालती चौहान, महानगर उपाध्यक्ष महिला सभा अनु सिंह, महानगर सचिव महिला सभा अंजू प्रेमी, महानगर सचिव महिला सभा अंजना सिंह, महानगर सचिव महिला सभा शाहिना आजम, महानगर सचिव महिला सभा अमेरिकन सैफी, महानगर उपाध्यक्ष महिला सभा धर्मावती मुस्कान, सुनीता, मुस्कान, अनु, चीनू, ममता, राजबाला, रजनी बबली आदि सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

# खोड़ा नगर पालिका अध्यक्ष मोहिनी शर्मा ने बिहारी कॉलोनी मे पानी की टंकी का फीता काटकर किया उद्घाटन

## निरीक्षण के दौरान सफाई नायक को लगाई फटकार कहां राजनीति के तहत ना हो काम





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बुधवार को खोड़ा नगरपालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने वार्ड नंबर 18 बिहारी कॉलोनी में 5000-5000 हजार लीटर क्षमता वाली 5 पानी टंकी का उद्घाटन किया। इसके अलावा खोड़ा नगरपालिका क्षेत्र में अलग-अलग पांच हजार लीटर क्षमता वाली पानी टंकी लगाई गई है। इस मौके पर चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने कहा कि यह पानी की टंकी यहां के लोगों के लिए वरदान है। यह सुविधा खोड़ा के लोगों की कठिनाइयों को देखते हुए प्रदान की गई है। कहा कि नगरपालिका के लोगों को हर हाल में साफ पानी उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता में है।

उन्होंने कहा कि लोग पानी का आवश्यकता के अनुसार ही इस्तेमाल करें, अनावश्यक पानी न बहाएं। बल्कि इस्तेमाल के बाद टोटी अवश्य बंद कर दें। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में वार्ड के लोगों को हो रही पानी की समस्या से भी निजात मिल जाएगी। जहां पर पानी की टंकी रखवाई है वह भीड़ वाला क्षेत्र है यहां पर निरंतर रूप से टंकी में पानी 24 घंटे रहेगा।

इस दौरान उन्होंने वार्डन का निरीक्षण किया और सफाई नायक को फटकार लगाई और कहा कि राजनीति के तहत सफाई न करें। सबके साथ सबका विकास के तहत काम किया जाएगा। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि गर्मी को देखते हुए पालिका में पानी की व्यवस्था बेहतर की जा रही है। पानी की टंकियां उद्घाटन एक उदाहरण है, और भी पंप द्वारा पानी की व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर जगदीश कुशवाहा, चंद्र प्रकाश शर्मा, विनोद यादव, सुनील कुमार, अभय सिंह जेई अनुराग गुप्ता आदि क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर श्रद्धा भक्ति और आस्था का अनुपम संगम





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर एक भव्य धार्मिक संध्या का आयोजन श्रमण श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन सभा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और संस्कृति का सुंदर समागम देखने को मिला। इस पावन अवसर पर श्याम द्वारा भगवान महावीर के चरणों में समर्पित मधुर भजनों की प्रस्तुति ने समस्त वातावरण को भक्तिमय कर दिया। उनके भावपूर्ण गायन ने उपस्थित जनसमूह को भक्ति और आस्था में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार श्री सुनील शर्मा जी की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने भगवान महावीर के सिद्धांतों की प्रेरणा लेकर सामाजिक समरसता और शांति की आवश्यकता पर बल दिया। जैन समाज के हजारों श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सहभागिता कर भगवान महावीर के चरणों में अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम के दौरान अहिंसा परमो धर्म के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। भगवान महावीर के जीवन के प्रेरणादायक प्रसंगों को साझा किया गया, जिनमें उनका तप, त्याग और सम्यक दर्शन का मार्ग प्रमुख रहा।

कार्यक्रम का समापन भगवान महावीर के संदेशों के साथ हुआ, जिनमें सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह का संदेश समाज को मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर अध्यक्ष अभिनव जैन पार्षद - प्रीति जैन, अध्यक्ष आकाश जैन, महामंत्री अनुराग जैन, कोषाध्यक्ष - संजय जैन, ऋषभ जैन, मृदुल जैन, चारू जैन, मोनिका जैन, शोभा जैन, ज्योति जैन, अर्चना जैन समेत समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# आईएमएस गाजियाबाद में 6वीं अंतरराष्ट्रीय कांन्फ्रेंस का आयोजन

## विश्व ने माना यूपीआई का लोहा: रामनाथ कोविंद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस , गाजियाबाद में दो दिवसीय छठवें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शेपिंग विकसित भारत @ 2047 का आयोजन किया गया। भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने कहा कि हम एक राष्ट्र के रूप में हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़े हैं और अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में अपनी पहचान बनाई है। हमारे मानव संसाधनों ने विश्व को चकित कर दिया है। देशवासियों का असीम परिश्रम स्टार्ट अप और सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास अदृश्य शक्ति है जिसके चलते भारत विश्व में अपनी अलग पहचान बना रहा है। यूपीआई का संपूर्ण विश्व लोहा मान चुका है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद आईएमएस (यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस), गाजियाबाद में दो दिवसीय छठवें अतराष्ट्रीय कांन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था को पूरी दुनिया में सराहा जा रहा है और हम आज पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। 2028 तक हम जर्मनी जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुँच सकते हैं। इस विशाल संभावना के पीछे जो ताकत है वो केवल आप जैसे परिश्रमी और बुद्धिमान लोग हैं। विशिष्ठ अतिथि प्रोफेसर अनिल डी सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि विकसित भारत का मतलब केवल शहरी विकास से ही नहीं बल्कि ग्रामीण विकास से भी है जिसके तहत आज गांवों को भी विकसित किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की बात करते हुए भविष्य में उसकी महत्ता की चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमें अपने विद्यार्थियों का ख्याल रखना चाहिए और उन्हें विषय के साथ–साथ अन्य आवश्यक कौशल की शिक्षा प्रदान करनी चाहिए। विद्यार्थियों को शिक्षक का महत्व बताया एवं कक्षाओं में उपस्थित रहने की सलाह दी।

सम्मलेन के दूसरे दिन टेक्निकल सेशन–2 का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश विदेश से आये शोध–पत्रों को शोधार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया जाना जारी रहेगा । वहीं विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन भी किया जाएगा। जिनके द्वारा प्रत्येक ट्रैक के बेस्ट पेपर प्रस्तुतकर्ता को स्मृति चिह्न एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। सम्मलेन का संचालन डॉ. शिखा जलोटा, डॉ. उमेश कुमार, डॉ दीपा गोयल, प्रो. कोमल कपूर एवं डॉ. तृप्ति सिंह द्वारा किया गया ।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सनानत संस्कृति, परिवार और संस्कार ये तीनों ही शब्द इस एक पोस्ट में समाये हैं। भाजपा नेता कुंजन पंडित ने अपने माता–पिता, पत्नी और बच्चों के साथ श्री सालासर बालाजी धाम और श्री खाटूजी श्याम मंदिर में पूर्जा अर्चना की। सनातन संस्कृति, संस्कार और परिवार शब्द को समेटे इस पल को उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा किया। भाजपा नेता कुंजन पंडित की यह पोस्ट आफ द डे।